राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 234
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 19 जूलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा 500 ई बसों के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए सर्वे शुरू
पेज 4 कानपुर कोर्ट ने रेपिस्ट को सुनाई 14 साल की सजा
पेज 6 प्रतिका रावल पर लगा जुर्माना, इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे

## संक्षिप्त खबरें

### गोल्डन टेंपल को धमकी में हरियाणा का इंजीनियर पकड़ा

**अमृतसर।** पंजाब में गोल्डन टेंपल को शुक्रवार को पांचवें दिन एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इस मामले में अमृतसर पुलिस ने हरियाणा से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को हिरासत में लिया है। उसकी पहचान फरीदाबाद के शुभम दूबे के तौर पर हुई है, जिससे अमृतसर लाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने इसकी पुष्टि की है। शाम को दोबारा एक बार फिर धमकी आई। एसजपीसी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनन ने कहा कि धमकी भरा ईमेल शुभम दूबे को हिरासत में लिए जाने के बाद आया है।

### महाराष्ट्र विधानसभा मारपीट मामले में एफआरआर, 2 गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा और एनसीपी (शरद पवार) विधायकों के समर्थकों के बीच मारपीट मामले में शुक्रवार को एफआईआर दर्ज हुई है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने अब तक 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, गुरुवार को महाराष्ट्र विधानसभा की लॉबी में भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर और NCP (SP) विधायक जितेंद्र आव्हाड के समर्थक भिड़ गए थे। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें दोनों विधायकों के समर्थक आपस में गाली-गलौज और हाथापाई करते दिखे।



### हैप्पी मॉर्निंग


टीचर क्लास में गणित पढ़ा रहा था। टीचर- बोर्ड में 55 लिखो। संता- सर कैसे लिखते हैं। टीचर- पांच लिखे फिर उसके साइड में एक और 5 लिख। संता ने बोर्ड में 5 लिखा और रुक गया। टीचर- अबे क्या हुआ रुक क्यों गया। संता- सर दूसरा 5 किस साइड लिखूं समझ नहीं आ रहा।



### शायरी

कुर्सी है तुम्हारा ये जनाज़ा तो नहीं है
कुछ कर नहीं सकते तो उतर क्यों नहीं जाते

### अर्थसार



सेंसेक्स:
81,757.73
-501.52 (0.61%)
निफ्टी:
24,968.40
-143.05

### मौसम



अधिकतम : 33 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूयोदय रविवार : 5 : 38
सूर्यास्त शनिवार : 7 : 26

## बच्चों से भीख मंगवाने पर गार्जियन होंगे अनफिट घोषित

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने सड़कों पर बच्चों से भीख मंगवाने के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत सरकार ने जीवनजोत प्रोजेक्ट-2 की शुरुआत की है। केवल दो दिन में ही 18 जगह रेड कर 41 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। हालांकि बठिंडा में पकड़े गए कुछ बच्चों का मामला संदिग्ध लग रहा है।

ऐसे में अब उन बच्चों का डीएनए टेस्ट करवाया जाएगा, जिससे यह पता चल सके कि वे अपने असली मां-बाप के साथ थे या नहीं। जब तक रिपोर्ट नहीं आती, तब तक ये बच्चे बाल सुधार गृह में ही रहेंगे।

### माता-पिता को चेतावनी, गिरोह को कड़ी सजा

राज्य की सामाजिक सुरक्षा मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा है कि अगर कोई माता-पिता अपने बच्चों से जबरन भीख मंगवाते हैं, तो पहले उन्हें समझाया जाएगा। अगर वे नहीं माने, तो उन्हें अनफिट गार्जियन घोषित कर दिया जाएगा। इसके बाद उनके बच्चों को गोद देने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

वहीं, इस तरह के काम में शामिल किसी गिरोह या रैकेट के लोगों को 5 साल से लेकर उम्र कैद तक की सजा हो सकती है।

## गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों की आय 223 प्रतिशत बढ़ी

### 2022-23 के आंकड़ों के आधार पर एडीआर की रिपोर्ट; गुजरात की 5 पार्टियों को 2,316 करोड़

नई दिल्ली। देश में नाममात्र के वोट पाने वाली पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों की आय में 2022-23 में 223 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह चौकाने वाली जानकारी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की नई रिपोर्ट में सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक देश में ऐसी 2764 पार्टियां हैं, इनमें से 73त्न से अधिक (2025) ने तो अपना वित्तीय रिकॉर्ड सार्वजनिक ही नहीं किया है। वहीं, 739 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों का विश्लेषण किया गया है।

गुजरात में 5 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों ने बीते 5 सालों में 3 चुनावों में केवल 22,000 वोट हासिल किए हैं, फिर भी उनकी कुल आय 2,316 करोड़ रही है। इनमें से एक साल की आमदनी 1158 करोड़ रही है।

एडीआर की इस रिपोर्ट के मुताबिक, इन दलों ने 2019-2024 के बीच दो लोकसभा और एक विधानसभा चुनाव में कुल 17 उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन कोई जीत दर्ज नहीं की। इतना ही नहीं, इनमें से चार दल 2018 के बाद रजिस्टर्ड हुए हैं।

**गुजरात : सर्वाधिक चंदा पाने वाली 5 पार्टियां**

| पार्टी नाम | कुल वोट | कमाई ( करोड़ में) |
|---|---|---|
| भारतीय नेशनल जनता दल | 11,496 | 957 |
| न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी | 9,029 | 608 |
| सत्यवादी रक्षक पार्टी | 1,042 | 416 |
| जन मन पार्टी | 480 | 134 |
| सौराष्ट्र जनता पार्टी | 140 | 200 |

**सबसे ज्यादा पार्टियों वाले राज्य**

| राज्य | पार्टियां | जानकारी नहीं दी |
|---|---|---|
| यूपी | 744 | 71 |
| दिल्ली | 240 | 168 |
| तमिलनाडु | 230 | 180 |
| महाराष्ट्र | 216 | 161 |
| बिहार | 184 | 117 |
| आंध्र प्रदेश | 129 | 89 |
| मध्य प्रदेश | 107 | 65 |
| हरियाणा | 102 | 77 |
| गुजरात | 95 | 59 |
| कर्नाटक | 92 | 56 |

पंजाब में 73, उत्तराखंड में 40 और गोवा 12 में ऐसी पार्टियां है, लेकिन किसी ने जानकारी नहीं दी।

## बिहार में बिजली गिरने से 24 घंटे में 17 मौतें

### पटना में गंगा खतरे के निशान से पार, राजस्थान में सैलाब में फंसे 7 लोग बचाए गए

**नई दिल्ली।** बिहार में पिछले 24 घंटों में बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 5 मौतें नालंदा में हुईं। वैशाली में 4, बांका और पटना 2-2 लोगों की जान चली गई। पटना में गंगा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है।

राजस्थान के राजसमंद में एक वैन में तीन बच्चों समेत सात लोग सैलाब में फंस गए। वैन से निकले कुछ लोग किनारे आने की कोशिश में पेड़ पर फंस गए थे। करीब 2 घंटे के रेस्क्यू के बाद सभी को बचा लिया गया।

यूपी के वाराणसी में गंगा उफान पर हैं। नदी का जलस्तर हर घंटे 1 सेमी बढ़ रहा है। इसके अलावा वरुणा नदी भी उफान पर है। करीब 30 हजार घरों ने बाढ़ का पानी आने से पहले ही पलायन की तैयारी शुरू दी है। बलिया में गंगा नदी ने खतरे के निशान को पार कर लिया है।



### हिमाचल में भारी बारिश से लैंडस्लाइड, एनएच-707 बंद, 9 जिलों में बाढ़ की चेतावनी

गुरुवार को हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश हुई। सिरमौर के लोहरा इलाके में भूस्खलन के कारण एनएच-707 ब्लॉक हो गया। मौसम विभाग ने 9 जिलों के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ के खतरे की चेतावनी दी है।

राज्य भारी बारिश से जूझ रहा है, जिसके कारण कई जगह भूस्खलन हुआ है और अचानक बाढ़ आई है। 20 जून से अब तक राज्य को 1,220 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। ह॥ समेत 170 सड़कें अभी भी बंद हैं। सूत्रों ने बताया कि राजमार्ग 30 घंटे से ज्यादा समय से बंद है और इसे अभी तक वाहनों के आवागमन के लिए बहाल नहीं किया जा सका है, क्योंकि पहाड़ से गिरता मलबा सड़क साफ करने के काम में दिक्कत दे रहा है।

## जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर जांच रिपोर्ट को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी आवास में बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के आरोपों का सामना कर रहे इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा ने अब राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर नकदी मामले में जांच करने वाली तीन सदस्यीय आंतरिक कमेटी की रिपोर्ट को चुनौती दी है। उन्होंने कहा है कि कमेटी ने उन्हें अपनी सफाई पेश करने का पूरा मौका नहीं दिया। याचिका में मांग की है कि आंतरिक जांच कमेटी की तीन मई 2025 की फाइनल रिपोर्ट रद की जाए। साथ ही रिपोर्ट के आधार पर की जा रही कार्रवाई भी रद की जाए। याचिका में तत्कालीन सीजेआइ संजीव खन्ना द्वारा राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को जांच रिपोर्ट भेज कर जस्टिस वर्मा को पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू करने की सिफारिश को भी चुनौती दी गई है। जांच कमेटी की जांच पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा है कि कमेटी ने उनके ऊपर लगे आरोपों को गलत साबित करने की जिम्मेदारी यानी बर्डन ऑफ प्रूफ उन्हीं पर डाल दिया। उन्होंने इसे किसी न्यायाधीश के खिलाफ जांच और कार्रवाई के लिए तय संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ बताया है।

### हादसा



मुंबई में तीन मंजिला चॉल ढहने के बाद बचाव कार्य जारी है। मलबे में कम से कम 10 लोगों के फंसे होने की आशंका है।

## दिल्ली के 45, बेंगलुरु के 50 स्कूलों में बम की धमकी

### देश की राजधानी में 5 दिन में चौथा मामला, लिखा- पेरेंट्स कटे-फटे शव देखेंगे तो खुशी होगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली और बेंगलुरु में शुक्रवार सुबह 80 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। दिल्ली के 45 से ज्यादा स्कूलों को धमकी भरा ईमेल भेजा गया। इनमें पीतमपुरा, द्वारका, पश्चिम विहार, रोहिणी, संगम विहार, समेत दूसरे इलाकों के स्कूल शामिल हैं। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और फायर



सर्विस की टीमें स्कूल पहुंची हैं। सावधानी के तौर पर स्कूलों को तुरंत खाली करा लिया गया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। इनके अलावा, दिल्ली यूनिवर्सिटी के 3 कॉलेजों को भी बम की धमकी मिली है।

राजधानी दिल्ली में 5 दिन के भीतर बम धमकी का यह चौथा मामला है। इससे पहले 14 जुलाई को दो, 15 जुलाई को तीन, 16 जुलाई को करीब 10 स्कूलों और दिल्ली यूनिवर्सिटी के सेंट स्टीफन्स कॉलेज को धमकी मिली थी। वहीं बेंगलुरु के भी 50 स्कूलों को बम की धमकी दी गई है। पुलिस ने बताया कि 'roadkillxxx' नाम के यूजर ने सुबह 7.24 बजे 50 स्कूलों की ईमेल आईडी पर स्कूल के अंदर बम होने का मेल भेजा।

## अबूझमाड़ एनकाउंटर में 6 नक्सली मारे गए : सभी के शव बरामद

### एके-47-एसएलआर राइफल जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी मिले, सर्च ऑपरेशन जारी

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। शुक्रवार दोपहर दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में जवानों ने 6 माओवादियों को ढेर कर दिया है। सभी के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मौके से एके-47 और एसएलआर राइफल जैसे हथियार भी बरामद हुए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। एनकाउंटर वाली जगह से हथियारों के साथ-साथ विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं जब्त की गई हैं। अभी भी मुठभेड़ स्थल



पर सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। जानकारी के मुताबिक माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने सर्चिंग अभियान शुरू किया था। इस दौरान शुक्रवार दोपहर अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों से सामना हुआ। नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई में 6 नक्सलियों को मार गिराया।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में नक्सलियों के खिलाफ जारी सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई में अब तक 6 नक्सलियों के न्यूट्रलाइज होने की खबर प्राप्त हो रही है। इस ऑपरेशन में शामिल सुरक्षाबल के सभी वीर जवानों को बधाई देता हूं और उनके अदम्य साहस को नमन करता हूं। जवानों के पराक्रम से नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ का हमारा संकल्प और भी मजबूत हुआ है।

## शराब घोटाला-5 दिन की ईडी रिमांड पर चैतन्य बघेल

### छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम बोले-मोदी-शाह ने अपने मालिक को खुश करने के लिए ईडी को भेजा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह गिरफ्तारी शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई है। ईडी ने चैतन्य बघेल को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चैतन्य को 22 जुलाई तक ईडी की 5



दिन की रिमांड पर भेजा है। कोर्ट में भूपेश बघेल, चरणदास महंत, मोहम्मद अकबर समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे।

विधानसभा जाते वक्त भूपेश बघेल ने कहा- पिछली बार मेरे जन्मदिन पर ईडी को भेजा गया था। इस बार मेरे बेटे के जन्मदिन पर मोदी-शाह ने अपने मालिक को खुश करने के लिए ईडी को भेजा है। भूपेश बघेल न झुकेगा और न ही डरेगा। आज विधानसभा में अडाणी का मुद्दा उठेगा, इसलिए ईडी को भेजा गया है।

## अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 70 प्रतिशत गिरी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई है। ट्रम्प प्रशासन की अंतरराष्ट्रीय छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लॉट्स में रुकावट और वीजा रिजेक्शन में अचानक बढ़ोतरी से यह स्थिति बनी है।

हैदराबाद ओवरसीज कंसल्टेंट के संजीव राय ने बताया- आमतौर पर इस समय तक छात्र अपने वीजा इंटरव्यू पूरे कर चुके होते हैं और अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे होते हैं। इस साल हम रोज पोर्टल चेक कर रहे हैं कि कहीं स्लॉट खुल जाएं, लेकिन यह कई सालों में सबसे खराब स्थिति है।

अमेरिकी अधिकारियों ने वीजा स्लॉट्स को अलग-अलग स्टेज में जारी करने का वादा किया था, लेकिन



हालात अभी तक क्लियर नहीं हैं, जिससे छात्रों में साल बर्बाद होने का डर बढ़ गया है।

वहीं, विंडो ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन ने कहा कि स्लॉट्स बुक करने के बावजूद कई छात्रों को कन्फर्मेशन नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा- ऐसा लगता है कि अमेरिका अपने सिस्टम की टेस्टिंग कर रहा है।

### विदेशी फंडिंग

### छांगुर बाबा पर ईडी की जांच में खुलासा, कई ठिकानों पर मारा था छापा

## 22 बैंक खातों में मिली 60 करोड़ की विदेशी फंडिंग

**बलरामपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जांच में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन के 22 बैंक खातों में कुल 60 करोड़ रुपए मिले हैं। जिसमें विदेशों से आई बड़ी रकम भी शामिल है।

ईडी ने यह जानकारी बलरामपुर में छांगुर बाबा के पैतृक आवास समेत एक दर्जन से अधिक ठिकानों और मुंबई में दो स्थानों पर गुरुवार को की गई छापेमारी के बाद बयान में दी।

छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन उर्फ करीमुल्ला शाह के खिलाफ लखनऊ एटीएस ने गोमती नगर थाने में विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज



की थी। एटीएस ने छांगुर बाबा के साथ उनके बेटे महबूब, और सहयोगी नवीन रोहरा उर्फ जमालुद्दीन एवं नीतू उर्फ नसरीन को गिरफ्तार किया था। सभी आरोपी फिलहाल जेल में बंद हैं।

एटीएस की शिकायत में कहा गया है कि यह एक बड़े पैमाने की साजिश है, जिसमें अवैध धर्मांतरण, विदेशी धन का दुरुपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियां शामिल हैं। ईडी ने कहा- छांगुर बाबा और उनके सहयोगियों पर बलरामपुर स्थित चांद औलिया दरगाह परिसर से एक विस्तृत नेटवर्क संचालित करने का आरोप है।

यहां वे भारतीय और विदेशी नागरिकों की बड़ी सभाएं आयोजित करते थे। ईडी के अनुसार, उन पर अन्य धर्मों के लोगों, विशेषकर अनुसूचित जातियों और आर्थिक रूप से कमजोर हिंदू समुदाय के लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने, मजबूर करने और धोखा देने का आरोप है।

### छापों के दौरान कई दस्तावेज़ जब्त किए गए

ईडी के अनुसार छांगुर बाबा के खातों में मिली रकम छापों के दौरान कई दस्तावेज़ जब्त किए गए हैं, जिनसे पता चलता है कि यह अपराध की आय (अवैध रूप से प्राप्त धन) विभिन्न व्यक्तियों को अचल संपत्तियां खरीदने और उन पर निर्माण कार्य कराने के लिए ट्रांसफर की गई थी। ईडी ने कहा- छांगुर बाबा द्वारा अर्जित अचल संपत्तियां उनके सहयोगियों नवीन रोहरा और नीतू रोहरा के नाम पर दर्ज हैं, ताकि उनकी वास्तविक संलिप्तता को छुपाया जा सके। मनी लॉन्ड्रिंग के सबूतों को धुंधला किया जा सके।

# संपादकीय

## देवी नहीं, डॉलर कमाने वाली बनो — तभी जुबान खुलेगी, तभी ज़माना बदलेगा !



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'माँ कहो, देवी कहो — मगर इंसान मत कहो !'
भारत में औरत को 'देवी' कहने की परंपरा है,
मगर वही देवी
• डॉक्टर के पास जाने से पहले पति की अनुमति लेती है,
• अकेली यात्रा करने से डरती है,
• और अपनी मेहनत की कमाई भी 'घर के हिसाब से' खर्च करती है।
यह सम्मान नहीं — यह रेशमी पिंजरा है।
जो बाहर से सुनहरा दिखता है,
मगर भीतर पितृसत्ता की सलाखें हैं।
जब जेब में पैसा नहीं होता, तो जुबान भी गिरवी होती है
आर्थिक स्वतंत्रता के बिना सारी आज़ादी सिर्फ एक छलावा है।
हमारी बहनें आज भी दिन-रात घर में काम करती हैं —
बच्चे पालती हैं, बुज़ुर्गों की सेवा करती हैं,
और पति को हर संभव सहारा देती हैं
लेकिन क्या वह बिना पूछे एक साड़ी खरीद सकती है ?
नहीं।
क्यों ?
क्योंकि उन्होंने परंपरा चुनी — प्रगति नहीं।
श्रद्धा चुनी — सवाल नहीं।
सिंदूर-संकोच चुना — स्वतंत्रता और कौशल नहीं।

### औरत वहाँ बोलती है — जहाँ कमाती है : यूरोप-अमेरिका से सीखिए

अंतर है — संस्कृति का नहीं, सोच का।
1. स्वीडन में पुरुष और महिला को समान वेतन का अधिकार है — और महिला सीईओ की संख्या निरंतर बढ़ रही है।
2. नॉर्वे की संसद में 44त्न महिलाएं हैं — क्यों ? क्योंकि वहाँ 'देवी' नहीं, 'वोटर' और 'निर्णयकर्ता' के रूप में देखा जाता है।
3. अमेरिका में 70 प्रतिशत से ज़्यादा महिलाएं अपना खुद का खर्च खुद उठाती हैं, और लाखों महिला उद्यमी मल्टीनेशनल कंपनियाँ चला रही हैं।
4. जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल — भले ही धार्मिक प्रतीकों से दूर थीं, लेकिन विश्व की सबसे शक्तिशाली महिलाओं में गिनी जाती रहीं।
इन देशों में कोई 'करवा चौथ' नहीं मनाता, फिर भी पति-पत्नी साथ जीते हैं — सम्मान और साझेदारी से।

### भारत में क्या होता है?

1. 'औरत लक्ष्मी है' — लेकिन बैंक अकाउंट उसका नहीं।
2. 'करवा चौथ से पति की उम्र बढ़े' — मगर पत्नी की थकान और पानी की कमी किसे दिखती है ?
3. 'माहवारी में अपवित्र' — जीवन देने वाली को 'अशुद्ध' बताकर किस धर्म को गौरव मिलता है ?
धर्म ने औरत को पूजने का दिखावा किया
मगर निर्णय लेने से रोका, सवाल पूछने से डराया, और स्वतंत्रता से वंचित रखा।
इतिहास गवाह है — जब औरत ने सवाल पूछा, पितृसत्ता हिली सावित्रीबाई फुले — जब लड़कियों को पढ़ाने निकलीं, तो धर्मगुरुओं ने उन पर गोबर फेंका।
क्यों ?
क्योंकि पढ़ी-लिखी औरतें चुप नहीं रहतीं,
वो सवाल करती हैं।
और सवाल — पितृसत्ता के सबसे बड़े दुश्मन है।

### समाधान : देवी नहीं, आर्थिक रूप से स्वतंत्र इंसान बनाइए

1. हर लड़की की स्कूल-विश्वविद्यालय तक शिक्षा अनिवार्य हो — पूजा बाद में भी हो सकती है।
2. 'व्रत योजना' नहीं — 'महिला स्टार्टअप स्कीम' लाइए।
3. दहेज के लिए नहीं, बिज़नेस प्लान के लिए बेटी को सहयोग दीजिए।
4. मदरसे, मिशनरी स्कूल और गुरुकुल — सबमें स्त्री-सशक्तिकरण की अनिवार्य शिक्षा हो।
5. पुरुषों को भी पढ़ाइए पत्नी 'पूज्य' नहीं, समान भागीदार है।

### जब औरत कमाएगी — तभी उसकी आवाज़ सुनी जाएगी

जिस औरत की जेब खाली है, उसकी जुबान भी गिरवी रहती है।
और याद रखिए —
भक्ति अगर तर्क से डरती है, तो वह भक्ति नहीं — गुलामी है।
??अंत में—
देवी बनने से पहले इंसान बनो,
और इंसान बनने से पहले आर्थिक आज़ादी चुनो।
जब औरत कमाएगी —
तो वह सवाल पूछेगी,
जब वह सवाल पूछेगी —
तो पाखंड हिलेंगे, और जिस दिन पाखंड हिलेंगे —
उसी दिन पितृसत्ता की नींव दरक जाएगी।
भक्ति या आज़ादी ? मर्जी आपकी।

**#देवी#नहीं#इंसान**
**#सशक्त_औरत**
**#कमाओ_तो_बोलो**
**#तर्क_की_भक्ति**
**#पितृसत्ताङ्कृकाङ्कृविनाश**
**#Dollar वाली_देवी**




# क्या बिहार में सुशासन अब जंगलराज में बदल रहा है?

-ललित गर्ग-



बिहार में एक बार फिर कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बेखौफ अपराधियों का आतंक, दिन-दहाड़े हत्याएं, लूट, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध यह संकेत दे रहे हैं कि 'सुशासन बाबू' के नाम से मशहूर नीतीश कुमार का प्रशासन कहीं अपने वादों और आदर्शों से भटकता नजर आ रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव की दस्तक के बीच आमजन में यह सवाल तेजी से उभर रहा है कि क्या बिहार में सुशासन अब फिर से जंगलराज में तब्दील हो रहा है? क्योंकि व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर की गई लगातार हत्याओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस इन घटना के लिए अवैध हथियारों और गोला-बारूद की व्यापक उपलब्धता को ज़िम्मेदार ठहरा रही है, पुलिस के उच्च अधिकारियों के कुछ बेतूके बयान हास्यास्पद एवं शर्मनाक होने के साथ चिन्ताजनक है। उनके हिसाब से जून में ज्यादा वारदात होती हैं, क्योंकि मॉनसून आने के पहले तक किसान खाली बैठे होते हैं। राज्य की राजधानी पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिनदहाड़े 5 शूटर्स ने जिस तरह एक गैंगस्टर की हत्या की, उससे यही लगता है कि कानून-व्यवस्था का डर खत्म हो चुका है। पिछले 10 दिनों में एक के बाद एक कई आपराधिक घटनाओं में व्यापारी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, एक 60 वर्षीय महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई हत्याओं ने चुनावी राज्य को हिलाकर रख दिया है।

बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक घमासान चरम पर है। विपक्ष, खासकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के 'जंगलराज' की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही है ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं हैं। विपक्ष चाहे जो भी आरोप लगाए बिहार में आज सुशासन का राज है और जो घटनाएं हुई हैं वह योजनागत अपराध के तहत है, जिस पर सरकार कड़ी करवाई कर रही है।' हॉस्पिटल में जिसकी हत्या हुई, वह खुद हत्या के मामले में जेल में बंद था और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया था। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस वारदात में विरोधी गैंग शामिल हो सकता है। इसका मतलब कि राज्य में संगठित अपराध फिर सिर उठा रहा है। इसी महीने, 4 जुलाई को बिहार के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या हुई थी और उसमें भी भाड़े के शूटर्स का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी हत्याएं बार-बार हो रही हैं, यह सिलसिला कहीं रुकता नहीं दिख रहा।

पक्ष एवं विपक्ष के राजनीतिक दल एवं नेता चाहे जो बयान दें, लेकिन बिहार में अपराध तो बढ़ ही रहे हैं, आमजनता में भय एवं असुरक्षा व्याप्त है।। हाल ही में राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, और गया जैसे प्रमुख शहरों में हुई हत्या और डकैती की घटनाएं न केवल भयावह हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि अपराधी अब पुलिस और प्रशासन से नहीं डरते और पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण खत्म होता जा रहा है। सड़क पर चल रहे आम लोगों को दिनदहाड़े गोली मार दी जाती है, व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि बिहार भले अपराध में कई दूसरे राज्यों से पीछे दिखता हो, लेकिन सच यही है कि आंकड़े पूरी कहानी नहीं बताते। राज्य में ये अपराध तब हो रहे हैं, जब पूरा फोकस क्राइम कंट्रोल पर है। बिहार में पिछले तीन वर्षों में अपराध दर में निरंतर वृद्धि हुई है। हत्या, बलात्कार, अपहरण, और लूट जैसे संगीन अपराधों में राज्य शीर्ष स्थानों में शामिल हो गया है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि चुनावी राजनीति में एक बड़ा मुद्दा बनकर उभर रही है।

एक समय था जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर उल्लेखनीय सुधार किए थे। लालू-राबड़ी शासन के समय जिसे जंगलराज कहा जाता था, उसके मुकाबले एक उम्मीद जगी थी कि बिहार अब विकास, सुरक्षा और शांति की राह पर है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जनता फिर से असुरक्षा, भय और अराजकता के वातावरण में जीने को मजबूर है। इन स्थितियों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सरकार के पास प्रशासनिक अनुभव है, गठबंधन के रूप में राजनीतिक ताकत है, तो फिर अपराधियों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? बिहार में कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे के साथ हमेशा राजनीति का पहलू जुड़ा रहा है। राज्य के लोगों के जहन में कई बुरी यादें हैं और राजनीतिक बाजीगरी में यह कोशिश होती है कि वे यादें कभी कमजोर न पड़ें। अभी तक इसका फायदा सीएम नीतीश कुमार को मिला है। नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हमेशा 'जंगलराज' के तौर पर पेश किया। लेकिन, अब वही सवाल पलट कर उनकी ओर आ रहे हैं, जो आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चिन्ता एवं चेतावनी का सबब बनना ही चाहिए।


बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण और गठबंधनों की जोड़तोड़ हमेशा से हावी रही है। लेकिन अब जो नया परिदृश्य बन रहा है, उसमें अपराध और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के आरोप भी आम हो गए हैं। हाल ही में कई मामलों में नेताओं और जनप्रतिनिधियों के आपराधिक तत्वों से संबंध उजागर हुए हैं। यह स्थिति न केवल लोकतंत्र के लिए खतरा है, बल्कि जनविश्वास की भी अवहेलना है।

यदि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलेगा, तो फिर आम जनता के लिए न्याय और सुरक्षा केवल एक सपना बनकर रह जाएगा। हाल के अपराधों की घटनाओं ने विपक्ष को सरकार की नाकामी उजागर करने का मौका दिया है, जबकि भाजपा और जदयू रक्षात्मक रुख अपना रहे हैं और इन घटनाओं को योजनागत घटनाओं का नाम देकर राजद सरकार के समय की आपराधिक घटनाओं के साथ तुलना कर रहे हैं। मगर सूत्रों की माने तो पार्टी इस बात को लेकर तैयारी जरूर कर रही कि, यदि यह मुद्दा संसद के आगामी सत्र में विपक्ष उठाती है तो उस पर कैसे जवाब देना है? जिस बिहार के पूर्ववर्ती सरकारों के कानून एवं व्यवस्था की खराब स्थिति को मुख्य मुद्दा बनाकर एनडीए सरकार सत्ता में आई थी अब यही मुद्दा विपक्ष के हाथ लग गया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर ठोस कदम चाहिए, न कि केवल वादों की झड़ी। विपक्ष इस समय सरकार को घेरने के लिए पूरी तैयारी में है और 'बदहाल कानून-व्यवस्था' को मुख्य चुनावी मुद्दा बना रहा है।

आरजेडी-कांग्रेस भाजपा और नीतीश सरकार पर हमला बोल रहे हैं कि जिनके शासन में कभी सुशासन की मिसाल दी जाती थी, अब वही शासन अपराधियों के आगे बेबस नजर आ रहा है। बिहार के लिए यह समय आत्मचिंतन का है। सरकार को चाहिए कि वह पुलिस-प्रशासन को स्वतंत्र रूप से कार्य करने दे, अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करे और राजनीतिक हस्तक्षेप को समाप्त करे। साथ ही न्यायिक प्रक्रिया को तेज़ किया जाए ताकि अपराधियों को जल्द सजा मिले। बिहार इस समय एक निर्णायक मोड़ पर है। अन्यथा एक ओर पुराना भयावह जंगलराज लौटने की आशंका है, दूसरी ओर एक सक्षम, उत्तरदायी और पारदर्शी प्रशासन की आवश्यकता। यदि वर्तमान सरकार इस संदेश को नहीं समझती, तो आगामी विधानसभा चुनाव बिहार की राजनीति का नया अध्याय लिख सकते हैं, जिसमें सुशासन नहीं, जनाक्रोश निर्णायक भूमिका निभाएगा। जनता के लिए भी यह चुनाव एक अवसर है कि वे विकास, सुरक्षा और पारदर्शिता के आधार पर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करें, न कि जाति या चहेते दल के नाम पर।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3594



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3593 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका से कहा- ''आज हम पूरा मजा लूटेंगे ! मैनें फिल्म के तीन टिकटों का प्रबन्ध कर लिया है.''
''तीन टिकट ?''
''हां !''
''मगर हम तो दो हैं.''
''हां ! हम तो दो ही हैं.''
''फिर तीन टिकट किसलिए ?''
''एक तुम्हारी मां के लिए ! दूसरा तुम्हारे पिता के लिए और तीसरा तुम्हारे छोटे भाई के लिए !'' प्रेमी ने रहस्य खोलते हुए कहा.


□ □ □

''चौकीदार !''
''जी !''
''तुम ठीक से पहरा तो देते नहीं हो और पैसे मांगने आ जाते हो ?''
''देता हूं सरकार !''
''झूठ बोलने की कोशिश मत करो ! रात बारह बजे के बाद तुम्हारी आवाज ही सुनाई नहीं पड़ती !''
''साहब ! उस समय मैं दूसरों की आवाजें सुना करता हूं.''

□ □ □

प्रेमी- 'तुम्हारी एक मुस्कान के लिए मैं हजार बार जान निछावर करने के लिए तैयार हूँ.'
प्रेमिका- तुम्हारे एक बार जान निछावर करने के लिए मैं हजार बार मुस्कुरा सकती हूँ.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3594



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, जॉन, हेमा, रानी की फिल्म-३
३. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
५. जैकी, अनिल, शत्रुघ्न, हेमा, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
७. कंवलजीत, वहीदा की फिल्म-३
९. 'झूठी मूठी मितवा सांवन' गीत वाली फिल्म-३
११. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हर इक लब पर है' गीत वाली श्रेयस तलुदे, आयशा टकिया की फिल्म-२
१५. शाहरूख, मनीषा, प्रीति, शिल्पा की फिल्म-२,१
१७. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
१९. 'मुझे तुम याद' गीत वाली फिल्म-३
२०. अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत, किमी की फिल्म-२
२२. 'दिल में जिगर' गीतवाली फिल्म-२
२३. हिंदी फिल्मोंका पहला 'ही-मैन' किसे कहा गया है-४
२४. जीतेंन्द्र, जयप्रदा की एक पारिवारीक फिल्म-१
२५. 'सौ सवालों का' गीत वाली धर्मेन्द्र, अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. अमिताभ, जैकी, जावेद, कैटरीना, मधु, सीमा, जीनत की फिल्म-२
२८. 'जुड़वाँ' में सलमान के साथ करिशमा के अलावा दूसरी नायिका कौन थी-२
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
३१. फिरोज, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'मेरा दिल जिस दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, करीना की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो' गीत वाली दीपक कुमार, रेहाना की फिल्म-३
४. शशिकपूर, राखी की 'आज मदहोश हुआ जाये रे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली मिथुन, कबीर बेदी, संगीता की फिल्म-४
८. बॉबी, काजोल, मनीषा कोइराला की 'मेरे ख्वाबों में तू' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अब चाहे सर फूटे या' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१२. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और तू' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१४. सुनीलदत्त, माला की 'आजा आजा रे तुझको मेरा प्यार' गीत वाली फिल्म-४
१५. 'जान तन से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१६. प्रशांत, संध्या की 'तुम तो प्यार हो सजना' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'खुशी से खुदकुशी' गीत वाली फिल्म-५
२१. सनी, जीतेंन्द्र, फरहा, जयाप्रदा की फिल्म-४
२६. 'आँखों आँखों में हो गए' गीत वाली फिल्म-३
२९. नसीर, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-२
३०. 'रंग दीन्हीं रंग दीन्हीं' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3593



## सूडोकु -3594

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3593 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

## शब्द पहेली - 3594



**बाएँ से दाएँ**

1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**

2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

शब्द पहेली - 3593 का हल



# नोएडा 500 ई बसों के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए सर्वे शुरू

## इसमें चार्जिंग स्टेशन, शेड, वाशिंग लाइन बनेगी, सात कंपनियों को प्राधिकरण ने लिखा है पत्र

नोएडा। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना क्षेत्र में 500 सिटी ई बस चलनी है। ये बस नोएडा के सेक्टर-90 और 82 के टर्मिनल में खड़ी होंगी। यही पर चार्ज और सर्विस भी होंगी। इन बसों के लिए दोनों टर्मिनल में इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। जिसमें चार्जिंग स्टेशन, सर्विस स्टेशन, शेड के अलावा वाशिंग आदि का काम होना है। इसके लिए प्राधिकरण ने सात सलाहकार कंपनियां जिसमें डिम्स, यूएमटीसी, क्रिजिम, सीआईआरटी, राइट्स, सीआरआर आई, आईआईटी दिल्ली है।

इसमें डिम्स कंपनी ने शुक्रवार से अपना सर्वे शुरू कर दिया है। कंपनी के प्रतिनिधि सेक्टर-82 और 90 टर्मिनल का जाएजा लेंगे। इसके बाद अपनी सर्वे रिपोर्ट 10 दिन में प्राधिकरण को देंगे। प्राधिकरण ने बताया कि जिन कंपनियों को पत्र लिखा गया है उसमें और भी लोग सर्वे करेंगे। सर्वे पूरा होने के बाद एक प्रजेंटेशन होगा। जिसमें किसी एक कंपनी का चयन किया जाएगा। उसकी गाइडेंस भी ही इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेप करने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा।



### एसपीवी के गठन की प्रक्रिया तेज

इससे पहले बसों के संचालन के लिए स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) का गठन किया जा रहा है। यानी एक कंपनी का निर्माण किया जा रहा है। इस कंपनी का नाम क्या होगा। इसके लिए तीन नाम शासन को भेजे गए है। जल्द ही वहां से एक नाम चिह्नित होकर आएगा।

इस एसपीवी में नोएडा ट्रैफिक सेल (एनटीसी) के अलावा तीनों प्राधिकरण के सीईओ डायरेक्टर और सात सब्सक्राइबर होंगे। सात सब्सक्राइबर में तीनों प्राधिकरण के एक-एक एसीईओ को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा एक एफसी भी होंगे।

ये बस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा जनपद के 25 रूटों पर चलेंगी। इसमें से 300 बस नोएडा, 100 बस ग्रेटर नोएडा और 100 बस यीडा में चलेंगी। बसों का संचालन जीसीसी मॉडल किया जाएगा। इसके लिए दो कंपनियों का चयन किया गया है। पहली ट्रैवल टाइम मोबिलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ये 9 मीटर लंबी बस 54.90 रुपए प्रति किमी की दर से चलाएगी।

दूसरी डेलबस मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड ये 12 मीटर लंबी बस 67.99 रुपए प्रति किमी की दर से बस चलाएगी।

बसों के संचालन के लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा के बीच एसपीवी का गठन 48 प्रतिशत, 26 प्रतिशत और 26 प्रतिशत के इक्विटी योगदान के साथ होगा या इसमें कमी या बढ़ोतरी की जा सकती है। 12 मीटर स्टैंडर्ड फ्लोर की 250 और 9 मीटर की स्टैंडर्ड फ्लोर की 250 ई बस शामिल है।

### सालाना प्रति बस चलेगी 72 हजार किमी

ये प्रोजेक्ट 675 करोड़ का है। इसमें कंपनी को ई बस, फास्ट चार्जर (240 किलोवॉट), प्लांट, इक्यूपमेंट टूल्स और डिपो मेनटेनेंस के लिए है। कंपनी को 12 साल तक बसों का संचालन करना होगा।

कंपनी को सालाना प्रति बस 72000 किमी की रनिंग करनी होगी। बताया गया कि इस टेंडर के जरिए ग्रॉस कास्ट कांट्रेक्ट (जीसीसी) मॉडल बस आपरेटर का सिलेक्शन किया गया है।

# घर में चोरी करने वाला निकाला पूर्व ड्राइवर

## चोरी के माल को छिपाने वाला उसका भाई भी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** थाना बीटा 2 पुलिस ने घर में चोरी करने वाले दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। दोनो आरोपियों के कब्जे से चोरी की लाइसेंसी पिस्टल, सोने के सिक्के, ज्वेलरी आभूषण, 2 लाख कैश, बाइक और कांच तोड़ने के औजार बरामद किए हैं।

बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में खड़े जितेंद्र पुत्र विजय और जोगिंदर दोनों भाई है। जिन पर 10 जुलाई कि रात को जेपी ग्रीन सोसाइटी के घर में शीशा तोडकर एक पिस्टल, अलमारी मे रखा कैश व ज्वैलरी, आभूषण और अन्य सामान को चोरी कर का आरोप है। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया की वादी कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जब जांच शूरू की गई और सीसीटीवी, सर्विलांस, फोरेंसिक टीम के सहयोग से वादी के घर जेपी ग्रीन्स में काम करने वाले सहायको, सुरक्षा कर्मियों से पूछताछ की गई। जाँच से पाया गया कि वादी के यहाँ फरवरी 2025 में ड्राइवर की नौकरी से निकाले जाने वाले जितेन्द्र पुत्र विजय ने चोरी की है।



एडिशनल डीसीपी ने बताया जांच से पता रात के समय जितेन्द्र टीवीएस स्पोर्ट बाइक से जेपी ग्रीन्स में आया और अपनी बाइक दूर खड़ी कर शराब पीकर और पैदल जाकर वादी के घर के गेट पर लगे सीसीटीवी से बचकर दीवार फाँदकर पेचकश व शीशा तोडने की हथौडी से शीशा तोडकर लॉकर से पिस्टल, नकदी, ज्वैलरी, आभूषण चोरी कर अपनी बाइक लेकर दूसरे गेट से बाहर चला गया। जितेन्द्र पिछले कई वर्षों से जेपी ग्रीन्स में अलग अलग लोगों के यहाँ काम कर चुका है। इसलिए उसे जेपी ग्रीन्स की भौगोलिक स्थिति की अच्छी जानकारी थी। जितेन्द्र ने चोरी के माल को छिपाने और बेचने के लिए अपने भाई जुगेन्दर का सहयोग लिया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही चोरी का माल बरामद कर लिया।

# नोएडा में निवेश के नाम पर 11 लाख ठगे

नोएडा। शेयर बाजार में निवेश के नाम पर अलीगढ़ निवासी एक व्यक्ति से दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने 11 लाख 33 हजार रुपए से अधिक की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित ने सेक्टर-63 थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

अलीगढ़ के क्वारसी निवासी प्रवीण सिंह सांगवान ने पुलिस को बताया कि वह एनसीसी में समूह कमांडर हैं। दिल्ली के आनंद विहार निवासी दीपक नामक व्यक्ति ने उनकी पत्नी, पुत्र और पुत्री से 18.5 लाख रुपए लिए।

आश्वासन दिया कि वह इस रकम को शेयर बाजार में निवेश कर रहा है। इसकी एवज में वह जमा राशि का प्रत्येक सप्ताह एक प्रतिशत लाभ दिलाएगा। यह रकम साल 2023 में ली। करीब 11-12 महीने एक प्रतिशत लाभ दिलाने के बाद रुपए देने बंद कर दिए। पीड़ित का कहना है कि उनके पास सेबी के दस्तावेज भी उपलब्ध हैं।

बार-बार रुपए मांगने पर आरोपी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही उन्हें लाभ और शेष मूलधन मिलने लगेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपी के पास उनके शेष 11 लाख 33 हजार 415 रुपए बकाया हैं। पीड़ित का दावा है कि आरोपी ने निवेशकों की रकम से दिल्ली-आगरा हाईवे पर छाता के निकट जमीन खरीद ली है।

## शार्ट न्यूज

### इको विलेज वन सोसाइटी में जलसंकट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इको विलेज वन सोसाइटी में पिछले तीन दिनों से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। 15 तारीख से शुरू हुई यह समस्या पंप खराब होने के कारण उत्पन्न हुई। सोसाइटी में रहने वाले लगभग 7 हजार लोग इससे प्रभावित हैं। मेंटेनेंस टीम प्राधिकरण के पंप से टैंक में पानी भर रही है। फिर भी लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। इस स्थिति से नाराज होकर निवासियों ने आज विरोध प्रदर्शन भी किया। सोसाइटी के निवासी शशि भूषण के अनुसार, मेंटेनेंस टीम ने शुरू में टैंक में खराबी का हवाला दिया। जबकि वास्तविक समस्या पानी की सप्लाई में थी। वर्तमान में पानी की आपूर्ति समय-समय पर की जा रही है। इससे स्कूली बच्चों को तैयार करने में अभिभावकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक अन्य निवासी सतेंद्र ने बताया कि भारी मेंटेनेंस चार्ज के बावजूद बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कई टावरों में तो पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद है। लाखों रुपये खर्च कर फ्लैट खरीदने वाले निवासियों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। वही मेंटेनेंस टीम की तरफ से कहा जा रहा है कि एक-दो दिनों में स्थिति बिलकुल सामान्य हो जाएगी ।

### ग्रेटर नोएडा में कार टक्कर के बाद मारपीट



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक वाहन टक्कर को लेकर हुए विवाद में एक युवक को कुछ लोगों ने पीटा। पीड़ित की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई। घटना में फॉर्च्यूनर सवार लोगों ने पहले पीड़ित की गाड़ी में टक्कर मारी। इसके बाद विवाद बढ़ गया और उन्होंने युवक पर हमला कर दिया। पीड़ित को चोटें आने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम उसकी स्थिति पर नजर रख रही है। नॉलेज पार्क पुलिस ने स्थानीय सूचना तंत्र और बीट पुलिसिंग की मदद से चार आरोपियों को पुस्ता रोड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में उज्जवल राय (राकेश राय का पुत्र), सौम्य पांडे (संतोष पांडे का पुत्र), हर्षित राय (संजय राय का पुत्र) और किशनराय (अनिल राय का पुत्र) शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### निवेश के नाम पर 75 लाख की ठगी

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 75 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। सेक्टर-62 रजत विहार निवासी अजय कुमार वर्मा से 75 लाख रुपए की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कर साइबर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पेशे से इंजीनियर अजय कुमार शेयर बाजार में रुचि रखते हैं। उनका यह इंट्रेस्ट उनको ठगी की तरफ ले गया है। अजय कुमार को दो मई को जयकुमार नाम के युवक का फोन आया। उसने खुद को शेयर बाजार का विशेषज्ञ बताया। आरोपी ने निवेश पर दो से तीन गुना लाभ का लालच देकर अजय को एक वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़ा। शुरुआत में आरोपी ने मुनाफा दिखाकर अजय के खाते में कुछ रकम भी वापस भेजी, जिससे अजय का विश्वास जीत लिया। इसके बाद झांसे में आकर अजय ने अलग-अलग किस्तों में 40 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। अजय ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने टैक्स और अन्य शुल्कों के नाम पर 35 लाख रुपए और जमा करवा लिए। तब तक भी अजय को शक नहीं हुआ। कुछ देर बाद लेट फीस के नाम पर 60 लाख की और मांग की गई। अजय ने रकम देने से मना किया तो आरोपी ने संपर्क तोड़ दिया। तब तक उनसे कुल 75 लाख की ठगी हो चुकी थी।

### नोएडा में थाई दुकानदार को किया प्रताड़ित

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-75 में स्थित स्पेक्ट्रम मॉल का एक मामला सामने आया है। यहां थाई नागरिक व्यापारी को मॉल के प्रबंधक, संचालक समेत पांच लोगों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगा है। इसके चलते थाई व्यापारी थाने पहुंचा और मॉल के प्रबंधक, संचालक सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मामला संज्ञान में आने के बाद स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-75 स्थित स्पेक्ट्रम मॉल के अंदर तीन दुकान लेकर थाई नागरिक व्यापारी एथनिक नाम से कपड़ों की दुकान चलाता है। व्यापारी को पिछले 5 महीने से मॉल प्रबंधक, संचालक के स्तर से परेशान किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उससे ब्रोकरेज मनी की मांग कर परेशान किया जा रहा था, जिसका विरोध किया तो उसकी दुकान बंद करा दी गई। 25 मई को मेरी दुकान पूरी तरह से टूट गई। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ। साथ ही वीडियो बना लिए। जिसे वायरल करने की धमकी दी। साथ ही मारपीट का आरोप भी लगाया। इतना ही नहीं जब थाई व्यापारी बैंकॉक में था, तब उसकी बेटी के साथ मारपीट की गई थी। यहां तक ब्लैकमेलिंग जैसे झूठे आरोप तक थाई व्यापारी पर लगाए गए। इसके बाद 31 मई को आयुक्त कार्यालय और विभिन्न मंत्रालय में एक लिखित शिकायत की। यही नहीं 8 जुलाई को मेरी बेटी को खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की और 9 जुलाई को उसे जमानत मिली।

## बिजली घरों से ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करने वाले बदमाशों और पुलिस में मुठभेड़, एक घायल, एक फरार

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** नोएडा मे पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ का सिलसिला जारी है। देर रात सेंट्रल नोएडा जोन के थाना बादलपुर क्षेत्र में दुजाना चौकी और तिमुही पुलिया के पास चेकिंग के दौरान स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में सवार दो बदमाशों और पुलिस के बीच एनकाउंटर में एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और बदमाश की तलाश की जा रही है। बता दे कि पुलिस मुठभेड़ घायल महबूब पुत्र सलीम को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके साथी की तलाश पुलिस जुटी है। सेंट्रल नोएडा के एडीसीपी ने बताया कि थाना बादलपुर क्षेत्र में दुजाना चौकी और तिमुही पुलिया के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को रूकने का इशारा किया गया। लेकिन कार में सवार लोगों रूकने के बजाय कार को तेजी से चलाते हुए दुजाना चौकी से तिमूही पुलिया की तरफ भाग गए। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर बदमाशो द्वारा कार को तिमूही पुलिया के पास कच्चे रास्ते पर उतार दिया। जिससे उनकी गाड़ी फंस गई। पुलिस टीम द्वारा बदमाशो को पकड़ने का प्रयास किया गया, तो बदमाशो द्वारा स्वयं को घिरता हुआ देखकर पुलिस टीम पर फायर कर भागने का प्रयास किया पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल महबूब पुत्र सलीम इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेंट्रल नोएडा के एडीसीपी ने बताया कि घायल बदमाश और उसका साथी शातिर किस्म के अपराधी है।

## चोरी करने वाली नौकरानी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर-47 में एक घरेलू सहायिका (मेड) द्वारा चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने 10 जुलाई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी की पहचान रोशनी चौहान के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की रहने वाली है। पुलिस ने 14 जुलाई को उसे नोएडा से गिरफ्तार किया। अगले दिन उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दो दिन की पुलिस रिमांड मिली। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी महिला के पास से चोरी का सामान बरामद किया गया। इसमें 4 लाख 17 हजार रुपए की नगदी, एक सोने की चेन और एक जोड़ी सोने की बालियां शामिल हैं।

# मोबाइल फोन स्नैचिंग करने वाले गैंग का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार

वकार सैफी विशाल इंडिया

**ग्रेटर नोएडा।** थाना कासना पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग गैंग का पर्दाफाश करते हुए 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटे हुए 28 मोबाइल मोटरसाइकिल और अवैध हथियार बरामद किए हैं। बता दे कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोनू पुत्र गोपाल साहिल उर्फ फरियाद पुत्र जैनुलला, जग्गू उर्फ मोहित पुत्र दयाराम, गोलू कुमार पुत्र महात्मा, रवि पुत्र महावीर और अरुण पुत्र नन्हे यह सभी शातिर मोबाइल स्नैचर है। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि 13 तारीख को इस गैंग ने साइट 5 में वादी और उसके साथी का मोबाइल फोन चाकू दिखाकर छीन लिया था। थाना कासना पुलिस ने वादी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मैन्युअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से मिले इनपुट के बाद इन बदमाशों को निहाल देव पार्क कासना से गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने लुटे हुए दो मोबाइल समेत 26 और मोबाइल फोन मोटरसाइकिल तीन चाकू बरामद किया है। इस गैंग के सदस्यों का आपराधिक पता करने में जुटी है।

# ऑल इंडिया संपादक संघ ने 23 राज्यों में प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति

विशाल इंडिया संवाददाता

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया संपादक संघ ने 23 राज्यों में प्रदेशाध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की।

यह कदम संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने और पत्रकारो की आवाज को संगठित रूप से आगे बढाने की दिशा में ऐतिहासिक महत्वपूर्ण कदम है संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष करन कुमार जी ने सभी नवनियुक्त ऑल इंडिया संपादक संघ के प्रदेशाध्यक्षो को नियुक्ति पत्र सौंपे और उन्हें अपने अपने राज्यों में संगठन को मजबूती के लिए कार्य करने का निर्देश दिया। नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्षों की सूची

### राज्य नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष-

आंध्रप्रदेश DR Vivekananda Reddy Yadav, केरल K Santhosh Kumar, ओड़िशा Asutosh Naik, सिक्किम Puran Tamang, कर्नाटक R Munikrishna, असम Mwgthang Basumatary, तेलंगाना Barigela Shiva, बेस्ट बंगाल dr. Kamal Kujur, अरूणाचल प्रदेश Chow Washina Manchey, मेघालय Kandarpa koch, मिजोरम Surjyo Dhan Chakma, दिल्ली दिलीप कुमार यादव, मध्यप्रदेश सुरेन्द्र मेहरा, छत्तीसगढ़ प्रकाश कुमार यादव, हरियाणा बिजेंद्र कुमार, हिमाचल प्रदेश धर्मचंद यादव, उत्तराखंड से गोपाल सिंह गौतम, बिहार से भवेश कुमार मंडल, राजस्थान भैरूलाल माली, झारखंड शंकर यादव, उत्तर प्रदेश विजय कुमार, गुजरात अमरजीत निषाद, महाराष्ट्र पवन गायकवाड़ का नाम शामिल हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष करन कुमार ने सभी प्रदेशाध्यक्षों को राज्य में संघ की इकाई को मजबूती को स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की रीढ़ है संघ का उद्देश्य न केवल पत्रकारों की समस्या का समाधान करना है बल्कि उन्हें एक मजबूत मंच भी देना है।

### शुभकामनाएं एवं स्वागत

ऑल इंडिया संपादक संघ कोर कमेटी ने सभी नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्षों को शुभकामनाएं दी जिसमें राष्ट्रीय सचिव सतीश कुमार आर्या, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष कुमार गौतम, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी उपाध्यक्ष विष्णु कोसरिया, राष्ट्रीय संरक्षक विवेक डेहरिया, राष्ट्रीय संयोजक बृजेश चौधरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेश कुमार मौर्या, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हिम्मत सिंह बछानिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य स्वप्निल कांबले का नाम शामिल हैं।

## ग्रेटर नोएडा में स्टंटबाजी करने वाला युवक गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने सड़क पर खतरनाक स्टंट करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दादरी के बालाजी मंदिर के पास रहने वाले रितिक के रूप में हुई है। पुलिस ने स्टंट में इस्तेमाल की गई काली फिल्म लगी स्विफ्ट कार आरोपी से बरामद की है। इस घटना में शामिल एक बलेनो कार भी नॉलेज पार्क-3 से जब्त की गई है। बलेनो चालक की तलाश जारी है। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में स्टंटबाजी का एक वीडियो हाल ही में वायरल हुआ था। वीडियो में काली फिल्म लगी कार से सड़क पर स्टंट किए जा रहे थे।

# पति ने प्रेमी की चाकू मारकर की हत्या

## लिव इन में रह रही थी पत्नी, खुद पर भी चाकू से किया हमला

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र के 25 फुटा रोड पर मकान के बाहर प्रेमिका के साथ बैठे स्क्रैप कारोबारी के बेटे की महिला के पति ने गुरुवार रात सवा आठ बजे के करीब चाकू से गोदकर हत्या कर दी। हत्यारोपी पति ने खुद के सीने पर भी चाकू से वार कर लहूलुहान कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के चलते उसको दिल्ली के सफरदजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। मृतक सुमित के पिता का दिल्ली में स्क्रैप गोदाम है।



मृतक सुमित की फाइल फोटो।

### 2011 में हुई थी शादी

एसीपी वर्णिका सिंह ने बताया कि दिल्ली के उत्तम नगर की 32 साल की शीतल की शादी अलीगढ़ के दादो निवासी शेर सिंह से 2011 में हुई थी। जिस समय शादी हुई शीतल नाबालिग थी।

शादी के 14 साल के अंदर शीतल और शेर सिंह के चार बच्चे हुए। शराब की लत के कारण शादी के कुछ समय बाद ही शीतल और शेर सिंह के बीच अनबन होने लगी थी। कुछ साल पहले शीतल जब दिल्ली स्थित अपने घर आई थी तो लंबे समय तक रुक गई और वह यहीं पर दक्षिणीपुरी के सुमित कुमार के कबाड़ के गोदाम में काम करने लगी। दोनों में नजदीकी बढ़ी, जो जल्द ही प्यार में बदल गई। शेर सिंह भी दिल्ली आ गया और मेहनत मजदूरी करने लगा। पति से अनबन होने के कारण शीतल नोएडा में सुमित के साथ ही रहने लगी। सुमित के पिता कालीचरण ने 25 फुटा रोड पर बेटे के लिए 30 गज का मकान खरीदा था। यहीं दोनों रहते थे। दो महीने पहले शेर सिंह तलाक देने के बहाने शीतल को अलीगढ़ ले गया। 12 जुलाई को जब शेर सिंह शीतल को अस्पताल लेकर गया था तभी मौका पाकर वह वहां से भाग आई और सुमित के साथ फिर से रहने लगी।

### पहले सुमित पर फिर अपने किया वार

गुरुवार रात आठ बजे के करीब सुमित के घर की लाइट चली गई। ऐसे में मकान के बाहर स्लैब वाले हिस्से पर सुमित और शीतल बैठकर बातें करने लगे। सवा आठ बजे के करीब चेहरा गमछे से ढककर शेर सिंह आया और सुमित के कमर पर चाकू से वार कर दिया।

पहले ही वार में सुमित लहूलुहान होकर गिर गया। इसके बाद शेर सिंह ने उसके शरीर पर कई अन्य वार किए। शीतल का शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जब जमा होने लगे तो शेर सिंह ने खुद के शरीर पर भी चाकू से कई वार किया। पुलिस को सूचना दी। पुलिस सुमित और शेर सिंह दोनों को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। यहां डॉक्टरों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया।

### गर्भवती है शीतल

पुलिस ने घटना के संबंध में जब शीतल से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके पेट में सुमित का बच्चा पल रहा है। सुमित भी पहले से शादीशुदा था। उसका अपनी पहली पत्नी से तलाक हो चुका था। जल्द ही वह शीतल से विवाह करने वाला था। शीतल पति शेर सिंह से अलग रह रही थी और उसे तलाक देने को कई बार बोल चुकी थी। जिस दिन से शेर सिंह को पता चला था कि उसकी पत्नी एक और बच्चे को जन्म देने वाली तभी से वह सुमित की हत्या करने की योजना बना रहा था।

# बिजली बिल में गड़बड़ी पर नई व्यवस्था से लगाम लगेगी

## 3.10 लाख उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में गड़बड़ी पर लगेगा विराम

**नोएडा।** शहर में उत्तर प्रदेश पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (यूपीपीवीवीएनएल) के एक किलोवाट से लेकर चार किलोवाट तक के अधिकांश उपभोक्ताओं के बिल ओसीआर और प्रोब-बिलिंग से तैयार हो रहे हैं। अभी प्रशिक्षण के तौर पर ओसीआर और प्रोब-बिलिंग से माध्यम से बिल तैयार हो रहे हैं। इस व्यवस्था को पूरी तरह से एक अगस्त से लागू कर दिया जाएगा। इसमें मैनुअल बिल तैयार नहीं होंगे, इससे बिलों में गड़बड़ी की संभावना समाप्त हो जाएगी। जिले में विद्युत निगम के 4.45 लाख उपभोक्ता है। इसमें घरेल, इंडस्ट्रीयल, वाणिज्यिक, संस्थागत और नलकू श्रेणी कनेक्शन समेत सभी श्रेणी के कनेक्शन के उपभोक्ता शामिल है।इसमें 10 किलोवाट से अधिक भार वाले उपभोक्ताओं की संख्या 31 हजार दो सौ 75 है। वहीं पांच किलोवाट से लेकर नौ किलोवाट तक के एक लाख तीन हजार चार सौ 51 उपभोक्ता है। शेष एक किलोवाट से लेकर चार किलोवाट तक के तीन लाख 10 हजार दो सौ 74 उपभोक्ता है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार पांच किलोवाट से अधिक भार के सभी उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग इंस्टूमेंट (एमआरआई) तकनीक से बिल तैयार हो रहे हैं। वहीं शेष एक किलोवाट से लेकर 4 किलोवाट के उपभोक्ताओं की बिलिंग ओसीआर और प्रोब-बिलिंग हो रही है। इन दोनों स्थिति में मैनुअल तरह से बिल तैयार नहीं होता है।

जिससे गलत बिल ना के बराबर बनते हैं। कनेक्शन मीटर में वास्तविक रीडिंग से बिल बनते हैं। यह होती है ओसीआर और प्रोब बिलिंग विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार ओसीआर (ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्रिशन) यानी मोबाइल एप से मीटर की रीडिंग स्कैन करके बिल बनाया जाता है। वहीं प्रोब-बिलिंग से मीटर में डाटा केबल लगाकर मोबाइल में जोड़ा जाता है। फिर बिल बनाया जाता है। इन दोनों स्थिति में मैनुअल तरह से बिल तैयार नहीं होता है।

# पति ने की पत्नी की हत्या

**उन्नाव में चाकू से गला रेता, बचाने आई सास भी घायल; तीन बच्चों की थीं मां**

**उन्नाव।** उन्नाव के अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जंसार गांव में एक पति ने अपनी पत्नी की चाकू से हत्या कर दी। ससुर शिवलाल ने बताया शुक्रवार को दोपहर 2 बजे शराब के नशे में राजेंद्र अपनी ससुराल आया। वहां पत्नी सुनीता से विवाद करने लगा।

पिता के खेत जाने के बाद शाम 5 बजे फिर विवाद शुरू हुआ। सास शिववती ने बीच-बचाव की कोशिश की। इस पर नशे में धुत राजेंद्र ने सुनीता का चाकू



से गला रेत दिया। बचाने की कोशिश में सास के हाथ में भी चाकू लग गया।

## अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद्र ने मौके का निरीक्षण

खून से लथपथ सुनीता को सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद्र ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सुनीता की शादी राजेंद्र से 14 साल पहले हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। राजेंद्र शराब का आदी था, जिस कारण पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। 20 दिन पहले भी विवाद हुआ था। तब सुनीता के पिता शिवलाल उसे तीनों बच्चों - पायल, दिवाकर और रितिका के साथ अपने घर ले आए थे।

कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वाराणसी में स्पा सेंटर में पकड़ा सेक्स रैकेट

**वाराणसी।** वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र में महीनों से चल रहे सेक्स रैकेट सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ किया। पुलिस ने छापेमारी कर युवक और युवतियों को आपत्तिजनक हालत में हिरासत में ले लिया। मौके से 3 युवतियां और दो युवक गिरफ्तार हुए, बाकी मौके से भाग निकले। एडीसीपी वरूणा नीतू कादयान के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई की है। कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में स्पा सेंटर की आड़ में चलने वाले सेक्स रैकेट में ऑनलाइन बुकिंग होती थी। सोशल मीडिया ग्रुप से तस्वीर भेजकर ग्राहक बुलाए जाते थे। घंटे के हिसाब से युवक-युवतियों का आना जाना था।

# देवरिया में 19 करोड़ का सड़क निर्माण घोटाला

**3 अभियंता निलंबित, कई अन्य पर विभागीय जांच शुरू**

**देवरिया।** देवरिया जिले में सड़क निर्माण परियोजनाओं में 19 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया है। शासन ने तीन अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। आधा दर्जन से अधिक अभियंताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

घोटाले में तीन प्रमुख मामले उजागर हुए हैं। करुअना-परसिया मार्ग के लिए स्वीकृत 9.7 करोड़ रुपये को अनधिकृत रूप से अन्य मार्ग पर खर्च कर दिया गया। इससे न तो मूल सड़क बन सकी और न ही ठेकेदार को भुगतान हुआ।

वर्ष 2021 में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के लिए अभियंताओं ने 4.27 करोड़ रुपये का फर्जी एस्टीमेट बनाया। एक विश्व बैंक वित्तपोषित सड़क परियोजना में भी अनियमितता पाई गई। अभियंताओं ने तथ्य छिपाकर पीडब्ल्यूडी से 6.8 करोड़ रुपये का भुगतान प्राप्त किया।

# लखनऊ में अफसर की पत्नी को लूटने वाले गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ के भूतनाथ में अफसर की पत्नी से लूट हनीमून के लिए रुपए जुटाने के लिए की गई थी। गाजीपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया। आरोपी एसी बनाने के बहाने घर में घुसे थे। इसके बाद महिला का गला रेतकर कान की बाली और चेन लूट कर फरार हो गए थे।

पुलिस 8 दिन से आरोपियों की तलाश कर रही थी। आरोपियों की पहचान समोद्दीपुर इंदिरानगर निवासी चिरकू उर्फ कपिल कश्यप (20) और फरीदनगर इंदिरानगर निवासी रामधीरज उर्फ मोगली (22) के रूप में हुई। आरोपियों के पास से कान की दो बाली बरामद हुई हैं।

घटना 9 जून की है। भूतनाथ मार्केट, इंदिरा नगर में 2 लुटेरे ष्ट बनाने के बहाने सचिवालय के सचिव हरीशचंद्र पांडेय के घर पहुंचे। उनकी पत्नी शशि पांडेय की सोने की चेन और बाली लूट ली। इस दौरान शशि का गला रेता और दीवार से सिर लड़ा दिया।

शशि के गले में 7 टांके लगे हैं। हाथ में गहरे जख्म हो गए हैं। वो 10 जून को अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर पहुंचीं।

# कानपुर कोर्ट ने रेपिस्ट को सुनाई 14 साल की सजा

**खेत में जाते समय किशोरी संग की वारदात, ग्रामीणों ने पीट कर पुलिस को सौंपा था**

**कानपुर।** शौच क्रिया के लिए गई किशोरी के साथ रेप की घटना को अंजाम देने वाले युवक को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए 14 साल कैद की सजा सुनाई है।

मार्च 2014 में युवक ने घटना को अंजाम दिया था। किशोरी की चीख पुकार ग्रामीणों और परिजनों ने युवक को पीट कर पुलिस के हवाले किया था। 11 साल बाद किशोरी को इंसाफ मिला।

बिधनू थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने सनिगवां चकेरी निवासी



राजकरन उर्फ राजकमल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि 18 मार्च 2014 को उसकी 16 वर्षीय बेटी शौच के लिए खेत में गई थी। इस दौरान राजकरन ने उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया।

किशोरी की चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों और परिजन मौके पर पहुंचे और आरोपी को पीट कर पुलिस के हवाले किया था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था। मामला विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रघुवर सिंह की कोर्ट में ट्रायल पर था।

**पीड़ित पक्ष की ओर से पेश हुए 5 गवाह**

विशेष लोक अभियोजक चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि पीड़िता की बड़ी बहन की शादी राजकरन के बड़े भाई से तय हुई थी। बाद में शादी नहीं हुई थी। पीड़ित पक्ष की ओर से 5 गवाह कोर्ट में पेश किए गए थे। गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 14 साल कैद व 40 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

# युवक की हत्या की आशंका, कब्र से निकाला गया शव

**परिवार की मांग पर दोबारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**रायबरेली।** रायबरेली सई नदी के राजघाट घाट पर मिले विनीत सोनकर की मौत का मामला अब नया मोड़ ले चुका है। पहले पुलिस और डॉक्टरों ने इसे पानी में डूबने से मौत घोषित किया था। लेकिन मृतक के परिवार द्वारा लगातार हत्या की आशंका जताने और कई गंभीर आरोप लगाने के बाद सीओ सिटी और नायब तहसीलदार की निगरानी में शुक्रवार को शव को कब्र से निकालकर दोबारा पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

## क्या है मामला...

विनीत सोनकर की लाश 7 जून 2025 को सई नदी के राजघाट क्षेत्र में मिली



थी। प्रथम दृष्टया रिपोर्ट में इसे डूबने से मौत बताया गया। लेकिन परिवार ने इस पर गंभीर सवाल उठाए और हत्या की आशंका जताई।

मृतक के भाई रजत सोनकर के मुताबिक विनीत रोज की तरह राम मिश्रा के घर खाना पहुंचाने गया था, वहीं रुक भी जाता था। 7 जून की सुबह पता चला कि उसका शव सई नदी में मिला है।

परिजनों का दावा है कि रात को गौरांग मिश्रा और कृष्णा मिश्रा शराब पी रहे थे। रजत और विनीत अपने कमरे में चले गए, लेकिन गौरांग व कृष्णा ने विनीत को बुलाकर उसकी हत्या कर दी और शव नदी में फेंक दिया। शव पर गले में चोट के निशान, मुंह-नाक से झाग, और पेट में पानी न होने जैसे तथ्य बताते हैं कि वह डूबा नहीं था, बल्कि हत्या कर शव फेंका गया।

परिवार का आरोप है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में जानबूझकर चोट के निशान नहीं लिखे गए। पुलिस और डॉक्टरों पर प्रभावशाली अभियुक्तों की मिलीभगत का आरोप। पीड़ितों के अनुसार अभियुक्तों के परिजन पत्रकार संघ के पदाधिकारी हैं और उन्होंने मामले को दबाने की कोशिश की। पुलिस ने भी अभियुक्तों को थाने से रात में 2 बजे छोड़ दिया।

## मांग पर हुआ दोबारा पोस्टमॉर्टम

पीड़ित परिवार द्वारा पुन: मेडिकल बोर्ड से जांच की मांग करने पर, प्रशासन हरकत में आया। आज सीओ सिटी और नायब तहसीलदार की मौजूदगी में बहराना कब्रिस्तान से विनीत का शव बाहर निकाला गया। शव को फिर से मेडिकल बोर्ड के समक्ष पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# अमरोहा में स्कूल जा रही बच्ची और टीचर की मौत

**स्कूल वैन और पिकअप की टक्कर, टीचर समेत 12 बच्चे घायल**

**अमरोहा।** अमरोहा में स्कूल वैन और पिकअप की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में 5 साल की बच्ची और 22 साल की टीचर की मौत हो गई। जबकि 12 बच्चे और एक टीचर यानी 13 लोग जख्मी हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। हादसा गजरौला मार्ग पर अगापुर के पास हुआ।

शुक्रवार सुबह सहसौली स्थित इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की वैन बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। वैन में बच्चों, टीचर समेत 16 लोग थे। यानी, ओवरलोड थी। स्पीड भी ज्यादा थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ड्राइवरवैन को कंट्रोल नहीं कर पाया। वैन सामने से आ रही पिकअप से टकरा गई।

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। वैन इस कदर पिचक गई कि बच्चों को बाहर निकालना मुश्किल हो गया। जैसे-तैसे आसपास के लोगों ने वैन का गेट तोड़कर घायल बच्चों को बाहर निकाला।

सभी को अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने 5 साल की बच्ची अनाया और टीचर निशा को मृत घोषित कर दिया।

# सहारनपुर में चोरी का केंटर 4 घंटे में बरामद

**सहारनपुर।** सहारनपुर पुलिस ने चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 4 घंटे में केंटर बरामद कर लिया। पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। घटना 17 जुलाई 2025 की रात की है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के धर्मेश कुमार ने कुतुबशेर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों ने उनका स्वराज माजदा कैंटर , दो मोबाइल फोन (आईफोन 10 और रेडमी) और एक पर्स चुरा लिया। पर्स में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड और बैंक एटीएम कार्ड थे। एसएसपी के निर्देश पर कुतुबशेर थाना प्रभारी एचएन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पीजीआई पिलखनी के पास अमृत सरोवर तालाब से दो आरोपियों को पकड़ा।

आरोपियों की पहचान शहजाद और मुस्तकीम के रूप में हुई। दोनों मानकमऊ के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने इस्माईलपुर के सामने स्टार पेपर मिल के पास से केंटर चोरी किया था।

# लापरवाह अधिकारियों के क्रियाकलापों से शासन को कराया जाएगा अवगत

**नये लाभार्थियों के चयन हेतु ग्रामों में लगायें कैम्प, मा0 जनप्रतिनिधियों को दें सूचना**

**ललितपुर।** शुक्रवार 18 जुलाई को मा0 सांसद अनुराग शर्मा एवं मा0 जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मा0 सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, मा0 एमएलसी श्रीमती रमा निरंजन, मा0 एमएलसी बाबूलाल तिवारी, मा0 एमएलसी विजय सिंह यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष तालबेहट पुनीत सिंह परिहार, नगर पंचायत अध्यक्ष पाली मनीष तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामयी उपस्थिती रही। जिलाधिकारी ने उक्त



प्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरान्त मा0 सांसद ने विभागवार संचालित केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और जिले में प्रायोजित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विकास कार्यों में तेजी लाने, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रत्येक दशा में पहुंचाने एवं जन शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में जाकर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें, इसके लिए योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, साथ ही कैम्प लगाकर लाभार्थियों का चयन किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति एवं नये लाभार्थियों के चयन हेतु लगाये गए कैम्पों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दें। बैठक में जल जीवन मिशन, अमृत योजना व विद्युत आपूर्ति की खराब प्रगति पर सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए शासन की मंशानुसार कार्य करने की चेतावनी दी गई, उन्होंने कहा कि क्षेत्र से लगातार विद्युत आपूर्ति व पेयजल आपूर्ति की शिकायतें प्राप्त हो रहीं हैं।

# शार्ट न्यूज

## रील बनाते समय किशोर गंगा में बहा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में खतरे की रील बना रहा किशोर गंगा नदी में बह गया। 12वीं का छात्र दोस्तों के साथ गंगा नदी में नहाने गया था। गहरे पानी में जाकर रील बना रहा था। तभ अचानक डूबने लगा। करीब 10 मिनट तक बचाने के लिए चिल्लाता रहा। फिर तेज धार में बह गया। इस दौरान नदी किनारे खड़े लोग उसका वीडियो बनाते रहे, नदी के उफान को देखते हुए किसी ने भी किशोर को बचाने की हिम्मत नहीं की। दोस्तों की सूचना पर 30 मिनट बाद गोताखोर पहुंचे और तलाश शुरू की। देर शाम तक किशोर की तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। घटना गुरुवार शाम झूंसी स्थित छतनाग सोहम आश्रम घाट की है। किशोर 12वीं में पढ़ता था। खतरों से भरी रील बनाने का शौकीन था। सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। झूंसी के कोहना गांव निवासी अल्कैफ (17) चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। वह पास के ही स्कूल में 12वीं में पढ़ता था। गुरुवार शाम 5 बजे वह अपने दो दोस्तों के साथ गंगा में छतनाग सोहम आश्रम घाट पर नहाने आया था।

## होशियारपुर में दो लोगों की मौत

**दसूहा।** होशियारपुर में पैदल जा रहे दो युवकों को गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। हादसा दसूहा-होशियारपुर मुख्य राजमार्ग पर मानगढ़ गांव में हुआ। मृतकों की पहचान बबलू (39) और रामप्रसाद उर्फ कल्लू (28) के रूप में हुई है। दोनों उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के रहने वाले थे। बबलू गांव मोहम्मदपुर का और रामप्रसाद गांव मिश्रापुर का निवासी था। वर्तमान में दोनों होशियारपुर के गांव भाना में एक किसान के यहां मजदूरी करते थे। हादसा उस समय हुआ जब दोनों मजदूर पैदल मानगढ़ गांव में काम करने जा रहे थे। मानगढ़ से कुलारां की तरफ जाते समय एक गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। बबलू की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल रामप्रसाद को दसूहा सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। गढ़दीवाला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों मृतकों के शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आया किशोर

**मऊ।** मऊ जिले के थाना कोपागंज क्षेत्र के इंदारा गांव के करीमाबाद मुहल्ले में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक मोबाइल में गेम खेल रहा था। तभी हाइ टेंशन की चपेट में आ गया। घटना के बाद लोगों की आसपास की भीड़ इकट्ठा हो गई। आनन फानन में अपने निजी वाहन से परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। गंभीर रूप से झुलसे युवक का नाम आदित्य कुमार है जिसकी उम्र 15 साल है पिता का नाम धर्मेंद्र कुमार है जो कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा गांव के रहने वाले हैं। वहीं जिला अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में तैनात प्रदीप यादव ने बताया कि लाइट से जला हुआ एक पेशेंट आया है । आदित्य कुमार पुत्र धर्मेंद्र कुमार इंदारा गांव के करीमाबाद मुहल्ले के रहने वाले हैं। जो पेशेंट है 40 प्रतिशत से ज्यादा जला हुआ है। बाकी इलाज जारी है, कंडीशांत गंभीर है। एक पैर समेत ऊपरी हिस्सा जला हुआ है। हाइ टेंशन तार के चपेट में आने पर ये हादसा हुआ है उनके परिजनों द्वारा बताया गया है।

## मंदिर में काला झंडा लगाने पर पुजारी गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र के गांव अजीजपुर में एक विचित्र घटना सामने आई है। देवी मंदिर के पुजारी मनोज राठौर को मंदिर पर काले झंडे लगाने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना की वजह दो सप्ताह पुरानी समस्या है। गांव धनौली के नाले का पानी भूमिगत पाइप के जरिए मंदिर के सामने निकाला गया था। मनोज राठौर ने मंदिर के सामने मलमूत्र बहने का विरोध किया। उन्होंने अधिकारियों से इस समस्या की शिकायत की। इसका कोई समाधान नहीं हुआ। विरोध स्वरूप शुक्रवार सुबह मनोज ने मंदिर के गुंबद पर काले झंडे लगा दिए। काले झंडे देखकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी पवन कुमार सैनी के अनुसार पुलिस ने मंदिर से काले झंडे हटवा दिए हैं। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मनोज राठौर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कुशीनगर में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

पडरौना, कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के पडरौना नगर में शुक्रवार शाम करीब 6 बजे एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 28 वर्षीय महिला के रूप में हुई है। उसकी शादी हाल ही में बिहार के सासामुसा के रहने वाले नवीन सोनी से हुई थी। शुक्रवार शाम करीब 6 बजे महिला की तबीयत अचानक बिगड़ी। पति उसे कुशीनगर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में महिला के गले पर रस्सी के निशान मिले हैं। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के मायके पक्ष को सूचना दे दी गई है। पति और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। कोतवाली पड़रौना थाने के प्रभारी हर्षवर्द्धन सिंह के अनुसार, पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह आत्महत्या का मामला है या हत्या का। घटनास्थल पर भी जांच की जा रही है। पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## दहेज प्रताड़ना से परेशान महिला ने की आत्महत्या

**बस्ती।** बस्ती के लालगंज थाना क्षेत्र के हलुवापार गांव में एक महिला ने शुक्रवार को आत्महत्या कर ली। किशन कुमार गौतम की पत्नी पूनम (28) ने पति के सामने खुद पर तेल डालकर आग लगा ली। आग की लपटों के कारण बचाव का प्रयास असफल रहा। डायल 112 और फायर टेंडर की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक पूनम की मौत हो चुकी थी। मृतका के तीन बच्चे हैं। सबसे बड़ी बेटी प्रियांशी 6 वर्ष, दिव्यांशी 4 वर्ष और हिमांशी 2 वर्ष की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से पूनम को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पाली ग्रामीण में दूषित पानी पीने से फैली बीमारी, पांच लोग प्रभावित

**ललितपुर।** पाली क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में दूषित पानी पीने से बीमारी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, गांव में हैंडपंप और कुओं से निकल रहा गंदा पानी पीने के कारण बच्चों समेत कुल पांच लोग बीमार हो गए हैं। इनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पीड़ितों का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। विभाग द्वारा गांव में पानी के स्त्रोतों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से हैंडपंप से बदबूदार और पीले रंग का पानी निकल रहा था, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया।ग्रामीणों



ने प्रशासन से की साफ पानी की मांग गांव के लोगों ने जिला प्रशासन से स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि आगे और लोग बीमारी की चपेट में न आएं। स्वास्थ्य विभाग का बयान : स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और प्रभावितों को ज़रूरी दवाइयां दी जा रही हैं। साथ ही दूषित पानी के स्त्रोतों को चिह्नित कर वहां चेतावनी बोर्ड लगाए जाएंगे। जल्द ही गांव में टैंकर से स्वच्छ पानी पहुंचाया जाएगा और जल स्त्रोतों की सफाई कराई जाएगी , स्वास्थ्य विभाग अधिकारी।

# प्रेमिका को कोल्ड ड्रिंक में जहर देकर मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** बार शुक्रवार को ब्लाइन्ड मर्डर केस का पुलिस ने किया खुलासा, पुलिस ने मृतका के प्रेमी को गिरफ्तार किया है। प्रेमी ने महिला को कोल्ड ड्रिक में जहरीला पदार्थ पिलाने से प्रेमिका की तो मौत हो गई, पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी, तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बार पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना बार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 248/2025 धारा 103(1)/238 बीएनएस के वांछित अभियुक्त जगदीश रैकवार पुत्र मूलचन्द्र उर्फ मुलुआ उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम करमई थाना बार



ललितपुर को नहर पुलिया करमई रोड़ वहद ग्राम डुलावन थाना बार ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । 16.07.2025 को थाना बार क्षेत्रान्तर्गत शहजाद बांध की नदी में एक अज्ञात महिला का शव बोरी के अन्दर मिलने की सूचना सूचना प्राप्त हुई थी । सूचना पर थाना बार पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुचकर, अज्ञात मृतिका के शव को कब्जा पुलिस लेकर, पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर वास्ते पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी, ललितपुर भेज दिया गया था । फील्ड यूनिट टीम द्वारा मौके पर पहुचकर, घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किये गये थे । उच्चाधिकारियों द्वारा घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण किया गया था । थाना बार पुलिस द्वारा अज्ञात मृतिका के शव के शिनाख्त के लिये ललितपुर की सभी थाना क्षेत्रों की पीआरवी, चौकी प्रभारियों व शहजाद नदी के किनारे स्थित सभी ग्राम प्रधानों को लगाया गया कि ,जिससे अज्ञात मृतिका की शिनाख्त रानी रैकवार पत्नी नरेन्द्र उम्र करीब 28 वर्ष नि0 ग्राम करमई थाना बार ललितपुर के रूप में हुई थी ।

मृतिका के परिजनों द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर अभियुक्त जगदीश रैकवार उपरोक्त के विरूद्ध थाना बार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए घटना के अनावरण व वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा क्षेत्राधिकारी तालबेहट के नेतृत्व में 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था , जिसमें थाना बार पुलिस, स्वाट/सर्विलांस टीम, व जनपद के अन्य थाना/चौकी इन्चार्जो को भी लगाया गया था । गठित टीमों द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दी गयीं , जिनके अथक प्रयास एवं सर्विलांस(टेक्निकली/मैनुअली) व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त जगदीश रैकवार उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है ।अभियुक्त जगदीश उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि साहब मेरे ही गांव करमई का रहने वाला नरेन्द्र रैकवार मेरा दोस्त था जिस कारण मेरा उसके घर पर आना जाना था ।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक





## संक्षिप्त समाचार

### कंबोडिया में साइबर अपराध पर नकेल, 1000 गिरफ्तार

**नामपेन्ह, एजेंसी।** एशियाई देश कंबोडिया में साइबर अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है। प्रधानमंत्री हुन मानेट ने देश में आपराधिक साइबर कृत्यों पर नकेल कसने और कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इसी का नतीजा है कि महज एक हफ्ते में 1,000 से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। प्रधानमंत्री मानेट ने सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को बरकरार रखने और संरक्षित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि कंबोडिया में, विदेशी आपराधिक समूह ऑनलाइन घोटाले करने के लिए घुसपैठ कर चुके हैं। साइबर अपराध के अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोह प्रतिवर्ष अरबों डॉलर कमाते हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियों का अनुमान है कि अधिकांश साइबर घोटालों के तार दक्षिण-पूर्व एशिया से जुड़े होते हैं। इन्हीं बातों के मद्देनजर देश की सरकार सख्त कदम उठा रही है। साइबर स्कैम और जुए के धंधों के लिए कुख्यात थाईलैंड की सीमा से सटे कंबोडियाई शहर पोइपेट में बुधवार को 45 महिलाओं समेत कम से कम 270 इंडोनेशियाई लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, उत्तरपूर्वी प्रांत क्राटी में पुलिस ने थाईलैंड, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, म्यांमार और वियतनाम के नागरिकों समेत 312 लोगों को गिरफ्तार किया।

### बेल्जियम के टुमॉरोलैंड संगीत समारोह के मुख्य मंच में लगी आग

**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** बेल्जियम में होने वाले टुमॉरोलैंड म्यूजिक फेस्टिवल के शुरू होने से दो दिन पहले, बुधवार को इसके मुख्य मंच में आग लग गई। आयोजकों ने बताया कि आग से मंच को काफी नुकसान पहुंचा है। इस हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। सोशल मीडिया और खबरों में आई तस्वीरों में दिखा कि आग की लपटें मंच को घेर रही थीं और धुआं आसमान में फैल रहा था। आग पास के जंगल तक भी पहुंच गई। यह फेस्टिवल ब्रुसेल्स के पास बूम शहर में होता है और शुक्रवार से शुरू होने वाला था। इसमें यूरोप के कई देशों से हजारों लोग शामिल होते हैं।

### न्यू जर्सी में बिजली गिरने से 1 व्यक्ति की मौत, 13 घायल

**न्यू जर्सी , एजेंसी।** अमेरिका के न्यू जर्सी के एक तीरंदाजी रेंज में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। न्यू जर्सी के जैक्सन टाउनशिप के पुलिस प्रमुख ने बताया कि बुधवार शाम करीब 7.15 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ब्लैक नाइट बोबेंडर्स तीरंदाजी रेंज में बिजली गिरने से कई लोग उसकी चपेट में आए हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे में 61 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हुए हैं। घायलों में कुछ जलने से घायल हैं तो कुछ बेहोश हो गए थे। घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों में एक 7 साल का बच्चा भी शामिल है।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने जेफ्री एप्सटीन से जुड़ी विश्वसनीय जानकारी सामने लाने को कहा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी संसद के स्पीकर माइक जॉनसन के जेफ्री एप्सटीन से जुड़े दस्तावेज सामने लाने की मांग के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने अटॉनी जनरल पाम बॉन्डी से विश्वसनीय जानकारी सार्वजनिक करने को कहा है। हालांकि, पहले ट्रम्प ने कहा था कि एप्सटीन का मामला अब पुराना है और देश को आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बॉन्डी का समर्थन करते हुए कहा कि वह जो दस्तावेज ठीक समझें, उन्हें जारी कर सकती हैं। इसके चलते ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के समर्थकों में गुस्सा बढ़ गया था क्योंकि खुद ट्रम्प 10 साल से एपस्टीन फाइल्स को अपने विरोधियों पर सियासी हमले करने के लिए इस्तेमाल करते रहे हैं। बॉन्डी ने एप्सटीन पर सवालों से बचते हुए कहा था कि उनका ध्यान ड्रग्स और मानव तस्करी जैसे बड़े मुद्दों पर है। एप्सटीन एक फाइनेंसर थे, जिन्होंने 2019 में जेल में आत्महत्या कर ली थी। उन पर सेक्स ट्रैफिकिंग के गंभीर आरोप थे।

### इराक के शॉपिंग मॉल में लगी भीषण आग, 50 लोगों की जिंदा जलने से मौत

**बगदाद, एजेंसी।** इराक के एक शॉपिंग मॉल में भीषण आग लगने कम से कम 50 लोगों के जिंदा जलकर मारे जाने की खबर है. न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक दावा किया जा रहा है कि यह हादसा इराक के अल-कुट के एक सुपरमार्केट में हुआ है. वायरल तस्वीरों में दिखाई दे रहा है कि इमारत के बड़े हिस्से में आग लगी हुई है और धुएं का गुबार निकल रहा है. हादसे से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म काफी वायरल हो रहा है, जिसमें पांच मंजिला इमारत आग की लपटों में घिरी दिखाई दे रही है, जबकि दमकलकर्मी आग पर काबू पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. वासित प्रांत के गवर्नर मोहम्मद अल-मियाही ने आधिकारिक आईएनए समाचार एजेंसी को बताया, एक बड़े शॉपिंग सेंटर में लगी इस आग में मरने वाले पीड़ितों की संख्या लगभग 50 हो गई है. हालांकि, आग लगने का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन आईएनए के अनुसार, गवर्नर ने कहा कि जांच के प्रारंभिक निष्कर्ष 48 घंटों के भीतर जारी किए जाएंगे. आग किस वजह से लगी, इसका आधिकारिक कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है. हालांकि, ईराक की सरकारी समाचार एजेंसी आईएनए के मुताबिक, आग लगने के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है।

# बांग्लादेश में फिर भड़की हिंसा, 4 लोगों की मौत; शेख हसीना के गढ़ में उपद्रव के बाद लगा कर्फ्यू



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंसा का दौर फिर से शुरू हो गया है। नेशनल सिटिजन पार्टी की ओर से आयोजित रैली के दौरान बुधवार को भीषण हिंसा हुई और इसमें 4 लोग मारे गए हैं। यह हिंसा शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं और नेशनल सिटिजन पार्टी के लोगों के बीच हुई। गोपालगंज में पूरे दिन ही रुक-रुककर झड़पें होती रहीं, जिसमें बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। यह घटनाक्रम अहम है क्योंकि गोपालगंज शेख हसीना का होमटाउन है। उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान का जन्म यहीं हुआ था। जिले के पोरा पार्क में सिटिजन पार्टी की रैली का आयोजन होना था और उससे पहले हिंसक झड़पें शुरू हो गईं। बांग्लादेश के अखबार डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक इस रैली का अवामी लीग के लोग विरोध कर रहे थे। उनकी ओर से रैली का रास्ता रोकने के लिए कई जगहों पर पेड़ों को काटकर डाल दिया गया था। इसके अलावा हथियारों से लैस होकर रास्तों पर उन्हें घेरने का भी आरोप है। इसके अलावा आरोप यह भी है कि उन लोगों ने सरकारी वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया। इसके बाद नेशनल सिटिजन पार्टी के रैली स्थल पर भी हमला होने का आरोप है। बता दें कि बांग्लादेश में अवामी लीग की सभी राजनीतिक गतिविधियों पर रोक प्रतिबंध लगा दिया गया है। फिलहाल दक्षिणी जिले में सरकार ने कर्फ्यू लगा दिया है ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। इसके अलावा गोपालगंज जिले में स्कूली परीक्षाओं तक को स्थगित कर दिया गया है। गोपालगंज के सिविल सर्जन अबू सैयद मोहम्मद फारूक का कहना है कि इस हिंसा में 4 लोग मारे गए हैं और 13 घायल हुए हैं। मारे गए लोगों की पहचान दीप्तो साहा, रमजान काजी, सोहले और ईमान के तौर पर हुई है। दीप्तो साहा के परिजनों का कहना है कि उनका बेटा किसी भी राजनीतिक दल से नहीं जुड़ा था। वह घर से लंच करने के बाद दुकान लौट रहा था। इसी दौरान उसके पेट पर गोली मार दी गई। सुरक्षाबलों की फायरिंग में मारे गए लोग या फिर हिंसा के शिकार? हालांकि यह फायरिंग सुरक्षाबलों की ओर से किए जाने की बात सामने आ रही है। एक दुकानदार ने कहा कि सुरक्षाबलों ने जब फायरिंग की तो दो लोगों को गोलियां लगीं और मैंने उन्हें जमीन पर नीचे गिरते हुए देखा। माना जा रहा है कि इस हिंसा के बाद भारत में निर्वासित होकर रह रहीं शेख हसीना की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। उनकी पार्टी के लोगों पर सरकारी ऐक्शन तेज हो सकता है। पहले ही अवामी लीग की गतिविधियों पर रोक लगी हुई है। इसके अलावा उसके कार्यकर्ता भी ज्यादातर शहरों में भूमिगत होकर जी रहे हैं। हिंसा के बाद भी एनसीपी ने रैली की, गोपालगंज में 22 घंटे कर्फ्यू हिंसा के बावजूद एनसीपीने गोपालगंज में अपनी रैली पूरी की। क्षतिग्रस्त मंच पर टूटी हुए साउंड सिस्टम के साथ नेताओं ने भाषण दिए। एनसीपी के संस्थापक और कन्वीनर नाहिद इस्लाम ने रैली की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि अगर सुरक्षा एजेंसियों ने हमें न्याय नहीं दिया, तो हम अपने लिए न्याय खुद लेंगे। एनसीपी नेता सरजिस आलम ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, गोपालगंज में, हत्यारी हसीना के गुर्गों ने हम पर हमला किया। पुलिस बस खड़ी होकर तमाशा देखती और पीछे हट गई। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के ऑफिस ने गोपालगंज में बुधवार रात आठ बजे से अगले 22 घंटे का कर्फ्यू लगाने का आदेश दिया है। गोपालगंज में पैरामिलिट्री बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के लगभग 200 सैनिकों को गोपालगंज में तैनात किया गया है। बांग्लादेश में एनसीपी एक नया उभरता राजनीतिक दल है। 28 फरवरी 2025 को इसका गठन हुआ। यह छात्रों के नेतृत्व वाला पहला राजनीतिक दल माना जाता है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस को इसका समर्थन मिला हुआ है। यूनुस बोले- रैली से रोकना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन यूनुस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, युवाओं को उनके क्रांतिकारी आंदोलन की एक साल की सालगिरह मनाने के लिए शांतिपूर्ण रैली करने से रोकना उनके मौलिक अधिकारों का शर्मनाक उल्लंघन है। यूनुस ने हिंसा के लिए हसीना की अवामी लीग पार्टी और उसके छात्र समूह को जिम्मेदार ठहराया। ?यूनुस ने कहा, अपराधियों की जल्द से जल्द पहचान की जानी चाहिए और उन्हें पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। बांग्लादेश के किसी भी नागरिक के खिलाफ इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। हम उन छात्रों के साहस की सराहना करते हैं।

## अमेरिका में लाखों रुपये के सामान की चोरी करते पकड़ी गई भारतीय महिला, सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में एक भारतीय महिला टारगेट स्टोर में लाखों रुपये के सामान की चोरी करते हुए पकड़ी गई। आरोपी महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया है। महिला टारगेट स्टोर में सात घंटे से अधिक समय तक रही, जिससे स्टोर के स्टाफ को उसके स्वभाव पर शक हुआ। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने स्टोर से महिला को हिरासत में ले लिया। महिला पर 1300 डॉलर का सामान चुराने का आरोप है। पुलिस कर्मियों के शरीर पर लगे बॉडी कैम का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है। जिसमें दिख रहा है कि जब पुलिस स्टोर पहुंचती है तो स्टोर के स्टाफ ने महिला को एक कमरे में बिठाया हुआ था और उससे पूछताछ की जा रही थी। पुलिस के पहुंचने पर स्टोर के कर्मचारी ने बताया कि यह महिला बीते 7 घंटे से भी ज्यादा समय से स्टोर में मौजूद थी और वह सामान उठा रही थी और बार-बार अपना फोन चेक कर रही थी। महिला ने लिए गए सामान का भुगतान करने के बजाय उसे लेकर पिछले दरवाजे से निकलने की कोशिश की। इसके बाद आरोपी महिला ने चुराए गए सामान का भुगतान करने की कोशिश की। महिला ने ये भी कहा कि वह इस देश की नहीं है। महिला ने माफी मांगकर बात खत्म करने की भी कोशिश की। हालांकि पुलिस ने उसकी कोई बात नहीं मानी और आरोपी महिला को हथकड़ी लगाकर पुलिस स्टेशन ले जाया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद इसे लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कई भारतीय अप्रवासियों ने घटना को लेकर निराशा जाहिर की और कहा कि किसी देश में अप्रवासी होने पर वह कानून तोड़ने से डरता है।

## बलूचिस्तान में बस पर ताबड़तोड़ गोलीबारी, 3 लोगों की मौत और 7 घायल

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन ही प्रांत में कहीं न कहीं आपराधिक घटनाओं के मामले सामने आते रहते हैं। कुछ दिन पहले एक बस से 9 यात्रियों को किडनैप करके उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया था। अब बलूचिस्तान में एक और बस को निशाना बनाया गया है। कराची से क्वेटा जा रही यात्रियों से भरी एक बस पर बंदूकधारियों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। यह हमला बुधवार को कलात शहर में एक चेकपोस्ट के पास हुई। बलूचिस्तान के कलात में यात्रियों से भरी बस पर गोलीबारी में 3 यात्रियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मरने वाले तीनों यात्री कव्वाली गायक थे और कराची से क्वेटा, एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। गंभीर रूप से घायल लोगों को क्वेटा के अस्पताल में भेजा गया है। मशहूर कव्वाल माजिद अली साबरी ने बताया कि उनके भाई, भतीजे और लोग शादी समारोह में प्रदर्शन के लिए क्वेटा जा रहे थे। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि सुरक्षा बलों और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू किया गया है।

# अलास्का में 7.3 तीव्रता का भूकंप : सुनामी की चेतावनी वापस ली गई



**जूनो, एजेंसी।** अमेरिकी राज्य अलास्का में गुरुवार तड़के करीब 2 बजे (भारतीय समयानुसार) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.3 रही। इसके बाद राज्य के तटवर्ती इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, कुछ घंटों बाद इसे वापस ले लिया गया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप अलास्का के पॉपोफ आइलैंड पर सैंड पॉइंट के पास आया। इसका केंद्र जमीन से 36 किलोमीटर नीचे था। हालांकि, इसमें अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अलास्का भूकंप एजेंसी के मुताबिक यहां एक सप्ताह में, लगभग 400 भूकंप दर्ज किए गए। सबसे बड़ा भूकंप 16 जुलाई को अटका के पास 5.1 तीव्रता का था। मिशिगन टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के अनुसार, 7.0 से 7.9 तीव्रता वाला भूकंप नुकसान पहुंचाने में सक्षम माना जाता है। अलास्का में हर साल लगभग 10-15 ऐसे भूकंप दर्ज किए जाते हैं। लोगों से सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील भूकंप के बाद, सुनामी चेतावनी प्रणाली ने अलास्का के कुछ तटीय हिस्सों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि सैंड पॉइंट के दक्षिण में आया यह भूकंप प्रशांत और उत्तर अमेरिकी प्लेटों के बीच सबडक्शन जोन पर या उसके पास थ्रस्ट फॉल्टिंग के कारण हुआ। अलास्का रिंग ऑफ फायर का हिस्सा अलास्का अमेरिका का भूकंपीय रूप से सक्रिय राज्य है, जहां दुनिया के लगभग 11प्रतिशत भूकंप और पूरे अमेरिका के 17.5प्रतिशत भूकंप आते हैं। अलास्का पैसेफिक रिंग ऑफ फायर का हिस्सा है, जो लगातार आने वाले भूकंपों और सक्रिय ज्वालामुखियों के लिए जाना जाता है। अलास्का में मार्च 1964 में 9.2 तीव्रता का भूकंप आया था, जो उत्तरी अमेरिका में अब तक का सबसे शक्तिशाली भूकंप था। इस भूकंप ने एंकोरेज शहर को तबाह कर दिया। बाद में एक सुनामी आई, जिससे अलास्का की खाड़ी, अमेरिका के पश्चिमी तट और हवाई इलाके को तबाह कर दिया।

**ट्रंप सरकार के खिलाफ सड़कों पर लोग, अप्रवासन-स्वास्थ्य सेवाओं में कटौती के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन : वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि गुरुवार को सरकार के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। खासकर अप्रवासन नीति और स्वास्थ्य सेवाओं में कटौती के खिलाफ लोगों में गहरी नाराजगी है। दरअसल गुरुवार को अमेरिका में नेशनल एक्शन डे भी है, जो नागरिक अधिकार कार्यकर्ता जॉन लेविस के सम्मान में आयोजित किया जाता है। नेशनल एक्शन डे पर ट्रंप प्रशासन के खिलाफ देशभर में 1600 से ज्यादा जगहों पर विरोध प्रदर्शन होंगे। कई सामाजिक संगठन इन विरोध प्रदर्शनों का आयोजन कर रहे हैं। ऐसे ही एक संगठन पब्लिक सिटीजन की सह-अध्यक्ष लिजा गिलबर्ट ने कहा कि हम बेहद खराब दौर से गुजर रहे हैं। इस सरकार में नागरिक अधिकार, आजादी और लोकतंत्र को चुनौती दी जा रही है।

अटलांटा, सेंट लुइस, ऑकलैंड, कैलिफोर्निया, एनापोलिस और मैरीलैंड में भी विरोध प्रदर्शन होंगे। बता दें कि ट्रंप प्रशासन ने अप्रवासियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया हुआ है। इस सरकार में अभी तक लाखों अवैध अप्रवासियों को अमेरिका से निकाला जा चुका है और लाखों पर निर्वासन की तलवार लटक रही है।

# थाईलैंड में बड़े सेक्स स्कैंडल का भंडाफोड़, एक महिला गिरफ्तार



**बैंकॉक , एजेंसी।** थाईलैंड में एक बड़े सेक्स स्कैंडल का भंडाफोड़ हुआ है। यहां एक महिला को कई साधुओं के साथ यौन संबंध बनाने और बाद में उन्हें ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। खबर है कि पहले लुभा कर सेक्स में फंसाने और ब्लैकमेल के इस खेल के जरिए करीब 385 मिलियन बाथ की उगाही की गई है। भारतीय मुद्रा में यह रकम 100 करोड़ रुपये से ज्यादा है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीटीआई भाषा के अनुसार, रॉयल थाई पुलिस सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने बताया कि इस कांड में शामिल कम से कम नौ बौद्ध भिक्षुओं और वरिष्ठ भिक्षुओं को भिक्षु पद से हटा दिया गया है। पुलिस ने बताया कि उत्तरी थाईलैंड स्थित एक बौद्ध मंदिर के बैंक खाते से एक वरिष्ठ भिक्षु की तरफ से विलावान एम्सावत के खाते में भेजी गई धनराशि का भी पता चला है। लगभग 35 वर्षीय विलावान एम्सावत को राजधानी बैंकॉक के उत्तर में नोंथबुरी प्रांत स्थित उसके घर से जबरन वसूली, धन शोधन और चोरी का सामान लेने के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। अपनी गिरफ्तारी से पहले विलावान ने ऐसे एक संबंध की बात स्वीकारी थी और कहा था कि उसने उस बौद्ध भिक्षु को पैसे दिए थे। गिरफ्तारी के बाद से विलावान ने कोई बयान नहीं दिया है और यह स्पष्ट नहीं है कि उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील है या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि विलावान ने वित्तीय लाभ के लिए जानबूझकर वरिष्ठ भिक्षुओं को निशाना बनाया। पुलिस ने पाया कि प्रेम संबंध शुरू करने के बाद कई भिक्षुओं ने बड़ी धनराशि विलावान को ट्रांसफर की थी। पुलिस ने बताया कि पिछले तीन साल में विलावान के बैंक खाते में 1.19 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि प्राप्त हुई लेकिन इसमें से अधिकतर राशि ऑनलाइन जुए वाली वेबसाइट पर खर्च की गई।

# मुझे कुछ होता है तो आसिम मुनीर होंगे जिम्मेदार : इमरान खान



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को अपनी पार्टी के सदस्यों से कहा कि यदि जेल में उनके साथ कोई भी अनहोनी होती है तो उसके जिम्मेदार सेनाध्यक्ष प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर होंगे। क्रिकेटर से नेता बने 72 वर्षीय खान कई मामलों में अगस्त 2023 से जेल में हैं।

खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर खान को रिहा करने के लिए दबाव बनाने के लिए पांच अगस्त से पूरे देश में एक बड़े अभियान की शुरुआत करने की तैयारी कर रही है। खान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हाल के दिनों में, जेल में मेरे साथ होने वाला कठोर व्यवहार और भी बढ़ गया है। यही रवैया मेरी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ भी अपनाया जा रहा है। यहां तक कि उनकी कोठरी का टीवी भी बंद कर दिया गया है। हम दोनों के सभी बुनियादी अधिकार चाहे वे मानवीय हों या कैदियों को दी गई कानूनी निलंबित कर दिए गए हैं।

खान ने कहा कि इसके लिए जवाबदेही होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि वह पूरी तरह से जानते हैं कि एक कर्नल और जेल अधीक्षक असीम मुनीर के आदेश पर कार्रवाई कर रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, इसलिए मैं अपनी पार्टी को स्पष्ट निर्देश देता हूं कि अगर जेल में मेरे साथ कुछ भी होता है तो असीम मुनीर को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, मैं अपनी पूरी जिंदगी जेल में बिताने को तैयार हूं, लेकिन अत्याचार और दमन के आगे झुकने का सवाल ही नहीं उठता। पाकिस्तान की जनता के लिए मेरा संदेश एक ही है - किसी भी हालत में इस दमनकारी व्यवस्था के आगे न झुकें। खान ने दोहराया और कहा कि बातचीत का समय बीत चुका है - अब देशव्यापी विरोध का समय है। खान ने कहा कि यहां तक कि दोषी ठहराए गए हत्यारों और आतंकवादियों को भी उनसे बेहतर स्थिति में रखा जाता है। उन्होंने एक सैन्य कर्मी का नाम लेते हुए कहा कि उसे जेल में वीआईपी सुविधा दी जा रही है।

# बांग्लादेश में फिल्ममेकर सत्यजीत रे का घर गिराने पर रोक

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में भारत के मशहूर फिल्म निर्देशक सत्यजीत रे के पैतृक घर के तोड़े जाने पर रोक लगा दी गई है। सत्यजीत रे के पुरखों के घर मैमनसिंह शहर में है। अधिकारियों ने अब यह तय करने के लिए एक समिति बनाई है कि इस घर को दोबारा कैसे बनाया जा सकता है। भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश से सत्यजीत रे की पैतृक संपत्ति को ध्वस्त करने के फैसले पर रोक लगाने की अपील की थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस तोड़फोड़ का विरोध करते हुए कहा कि यह घर बंगाल के सांस्कृतिक इतिहास से गहराई से जुड़ा हुआ है।

सत्यजीत रे एक प्रसिद्ध भारतीय फिल्म डायरेक्टर, लेखक, संगीतकार और चित्रकार थे। उन्हें विश्व सिनेमा के बड़े फिल्मकारों में से एक माना जाता है। बांग्लादेश में सत्यजीत रे का घर लगभग सौ साल पहले बनाया गया था। 1947 में बंटवारे के बाद यह संपत्ति बांग्लादेश सरकार के अधीन हो गई थी।

प्रशासन ने अपनी गलती मानी यह घर दरअसल सत्यजीत रे के दादा, प्रसिद्ध लेखक उपेंद्रकिशोर रे चौधरी से जुड़ा है। हालांकि, बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी फैसल महमूद ने बताया कि सत्यजीत रे खुद कभी इस घर में नहीं रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि उपेंद्रकिशोर भी शायद इस घर में नहीं रहे थे, क्योंकि वह पास के किशोरगंज जिले के कोटियाडी नाम की जगह में रहते थे। वहां उनका असली घर आज भी है और उसे विरासत स्थल के रूप में सुरक्षित रखा गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि बांग्लादेश की विरासत सूची में ऐसे 531 संरक्षित स्थल हैं,



लेकिन मैमनसिंह वाला यह घर उस सूची में नहीं था। यह प्रशासन की गलती थी कि इस घर को विरासत स्थल के रूप में नहीं जोड़ा गया, इसलिए इसे बचाने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं थी। फिर भी अब जब इस पर विवाद हुआ है, तो सरकार इस पर दोबारा विचार कर रही है। भारत सरकार ने जताई थी चिंता फैसल महमूद ने कहा कि सत्यजीत रे सिर्फ भारत या बांग्लादेश के नहीं हैं, वह पूरी दुनिया की धरोहर हैं। वे सभी बांग्लादेशियों के लिए भी गौरव हैं। इससे पहले भारत सरकार ने इस मुद्दे पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैमनसिंह में सत्यजीत रे के पैतृक घर को गिराया जा रहा है। यह वही घर है जो उनके दादा उपेंद्रकिशोर रे चौधरी से जुड़ा हुआ था और बंगाल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक रहा है। भारत ने कहा कि यह इमारत बांग्लादेश सरकार की संपत्ति है और खराब हालत में है, लेकिन इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए इसे गिराने के बजाय संग्रहालय या सांस्कृतिक स्थल में बदलना बेहतर होगा। भारत सरकार ने इसके पुनर्निर्माण और संरक्षण में सहयोग देने की पेशकश भी की। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इसे बेहद दुखद घटना बताया और कहा कि रे परिवार बंगाली संस्कृति का प्रमुख प्रतीक है।

# मैनचेस्टर में खूब बोलता है जो रूट का बल्ला, बड़े रिकॉर्ड पर नजरें, पोंटिंग-द्रविड़ से निकलेंगे आगे

**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट कुछ दिग्गजों को पछाड़ने की कोशिश करेंगे क्योंकि सचिन तेंदुलकर के सर्वकालिक टेस्ट रिकॉर्ड की राह थोड़ी आसान हो गई है। मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान रूट को ऑस्ट्रेलियाई महान रिकी पोंटिंग को पछाड़ने और तेंदुलकर के बाद सफेद टेस्ट में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने के लिए 120 रन और चाहिए।

इंग्लैंड के पक्ष में 2-1 से सीरीज होने और लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में शतक लगाकर पहले दो टेस्ट में मिले-जुले प्रदर्शन की भरपाई करने के साथ यह अनुभवी खिलाड़ी इंग्लैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ रन-मशीन बने रहने का लक्ष्य रखेगा। अब तक तीन टेस्ट मैचों में रूट ने 50.60 की औसत से 253 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वह अब तक आठवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जो इस दशक में उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए थोड़ा निराशाजनक है।

रूट का मैनचेस्टर में शानदार रिकॉर्ड है, जहां उन्होंने 11 टेस्ट मैचों की 19 पारियों में 65.20 की औसत से 978 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254 है। यह स्टाइलिश बल्लेबाज वर्तमान में टेस्ट मैचों में पांचवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ हैं जिन्होंने 156 टेस्ट मैचों की 285 पारियों में 50.80 की औसत से 13,259 रन बनाए हैं, जिसमें 37 शतक और 66 अर्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 262 है।

सिर्फ 30 रन और बनाकर रूट चौथे स्थान पर पहुंच जाएंगे और भारत के महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ (164 टेस्ट मैचों में 13,288 रन) को पीछे छोड़ देंगे जबकि 120 रन और बनाकर वह दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस (166 टेस्ट मैचों में 13,289 रन) और ऑस्ट्रेलिया के पोंटिंग (168 मैचों में 13,378 रन) को पछाड़कर अब तक के दूसरे सबसे ज़्यादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। तेंदुलकर टेस्ट मैचों में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने 200 टेस्ट मैचों की 329 पारियों में 53.78 की औसत से 15,921 रन बनाए हैं जिसमें 51 शतक और 68 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 248* है।




# प्रतिका रावल पर लगा जुर्माना, इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में ये हरकत पड़ी महंगी



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज प्रतिका रावल को इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया और उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

भारतीय सलामी बल्लेबाज को थोड़े समय के अंतराल में हुई दो अलग-अलग घटनाओं के लिए दंडित किया गया है। 18वें ओवर में, सिंगल लेते समय उन्होंने गेंदबाज लॉरेन फाइलर के साथ शारीरिक संपर्क बनाया, जिससे बचा जा सकता था। अगले ओवर में आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम लौटते समय उन्होंने गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन के साथ भी ऐसा ही शारीरिक संपर्क बनाया, जिससे बचा जा सकता था।

इसके अलावा रावल के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। इस बीच, इंग्लैंड की टीम पर धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया क्योंकि निर्धारित समय सीमा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने लक्ष्य से एक ओवर कम फेंका। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा कम फेंके गए प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। रावल और इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने मैच रेफरी सारा बाटर्लेट द्वारा लगाए गए अपने-अपने दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। श्रृंखला का पहला मैच एक कड़ा मुकाबला था, जिसमें भारत ने जीत सुनिश्चित करने के लिए अपना धैर्य बनाए रखा। इंग्लैंड ने सोफिया डंकले के 83 रनों और एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स के धैर्यपूर्ण अर्धशतक की बदौलत 258/6 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। भारत 124/4 के स्कोर पर संकट में था, लेकिन दीप्ति शर्मा (नाबाद 62) की धैर्यपूर्ण पारी जिन्हें जेमिमा रोड्रिग्स (48), ऋचा घोष (10) और अमनजोत कौर (नाबाद 20) का अच्छा सहयोग मिला, ने मेहमान टीम को कड़ी मेहनत से जीत दिला दी।

# भारत बनाम इंग्लैंड मैच के दौरान जल्दी खराब हो रही ड्यूक्स गेंदें, शिकायतों के बाद जांच का फैसला

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के दौरान आलोचना का सामना कर रहे 'ड्यूक्स' गेंद की निर्माता कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि वह गेंद के जल्दी 'नरम (खराब)' होने की गहन समीक्षा करेंगे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड की आलोचना के बाद इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) इस्तेमाल की गई ज्यादा से ज्यादा गेंदों को इस सप्ताह के आखिर तक ड्यूक्स गेंद बनाने वाली कंपनी को लौटा देगा।

ड्यूक्स का निर्माण करने वाली 'ब्रिटिश क्रिकेट बॉल्स लिमिटेड' के मालिक दिलीप जाजोदिया ने कहा, 'हम इन (इस्तेमाल हुई) गेंदों को ले जाएंगे, निरीक्षण करेंगे और फिर इसके निर्माण से जुड़े लोगों से बातचीत करेंगे। हम इस मामले में जो भी जरूरी होगा वह कदम उठाएंगे।' उन्होंने कहा, 'समीक्षा में अगर हमें लगेगा कि कुछ बदलाव करने की जरूरत है, तो हम करेंगे।' पांच मैचों की मौजूदा श्रृंखला के दौरान मैदानी अंपायरों को नियमित रूप से गेंदों को बदलना पड़ा क्योंकि वे जल्दी नरम हो जा रही थीं। गेंद लगभग 30 ओवर के इस्तेमाल के बाद ही खराब हो जा रही थी। इस पूरी प्रक्रिया



के कारण मैचों के दौरान विलंब भी हुआ। टेस्ट श्रृंखला के लिए इस्तेमाल होने वाली गेंद का निर्णय मेजबान बोर्ड करता है। इंग्लैंड में ड्यूक्स गेंद का उपयोग किया जाता है तो वहीं भारत में टेस्ट मैच एसजी गेंद से खेले जाते हैं। ऑस्ट्रेलिया में कूकाबूरा का उपयोग होता है। ड्यूक्स गेंद का उत्पादन 1760 से हो रहा है लेकिन हाल के वर्षों में टेस्ट और काउंटी क्रिकेट में उसे आलोचना का सामना करना पड़ा है। लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान शुभमन गिल उस गेंद से नाखुश थे जो उन्हें अंपायरों द्वारा दी गई थी। इस दूसरी नई गेंद को मैच के दूसरे दिन सुबह के पहले घंटे में बदलना पड़ा था। जसप्रीत बुमराह ने मूल गेंद से कम ओवरों में तीन विकेट लिए थे लेकिन गेंद में बदलाव के बाद भारतीय गेंदबाज पहले सत्र के बाकी समय में एक भी विकेट नहीं ले पाए। इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है।

# लॉर्ड्स टेस्ट पर बोले पूर्व भारतीय क्रिकेटर, जडेजा की थोड़ी और आक्रामकता जीत पक्की कर सकती थी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के आखिरी दिन रवींद्र जडेजा की दमदार पारी की तारीफ की है, लेकिन साथ ही संकेत दिया कि अंतिम क्षणों में इस सीनियर ऑलराउंडर का थोड़ा और आक्रामक रुख मैच को भारत के पक्ष में कर सकता था। 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के शीर्ष और मध्य क्रम ने पिच पर असमान उछाल के खिलाफ बहुत कम या बिल्कुल भी प्रतिरोध नहीं दिखाया और जडेजा के लिए बहुत बड़ी चुनौती खड़ी कर दी, क्योंकि एक समय टीम 82/7 पर लड़खड़ा रही थी। दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर ने इसके बाद संघर्ष जारी रखा और 181 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाए, लेकिन यह भारत के लिए पर्याप्त नहीं था और मेजबान टीम ने 22 रनों से जीत दर्ज की। कैफ का मानना है कि जब समीकरण पहुंच में था, तब थोड़ी और तेजी न लाकर सीनियर ऑलराउंडर ने मौका गंवा दिया। उन्होंने कहा, 'जडेजा ने शानदार पारी खेली - पूरा श्रेय उन्हें जाता है। लेकिन शायद अगर वह 10 प्रतिशत और आक्रामक खेलते, तो नतीजा कुछ और हो सकता था। यह पांचवें दिन की पिच थी, गेंद रिवर्स हो रही थी, उछाल असमान था, और परिस्थितियां कठिन थीं। जब सिराज बल्लेबाजी करने आए तो उन्होंने केवल तीन गेंदों का सामना किया। उस समय आपको स्ट्राइक मैनेज करना होता है, ध्यान रखें कि आप बुमराह या सिराज जैसे पुछल्ले बल्लेबाजों को कितनी गेंदें खेलने दे रहे हैं।' कैफ ने कहा, 'जडेजा ने 90 प्रतिशत काम कर दिया था। बस 10 प्रतिशत और - कुछ सोचे-समझे जोखिम - और शायद लक्ष्य का पीछा पूरा हो जाता। लेकिन बाहर से कहना आसान



है। उस पल के दबाव को केवल बल्लेबाज ही जानता है। फिर भी, यह एक यादगार पारी थी।' पूर्व क्रिकेटर ने अब तक श्रृंखला में भारत के समग्र बल्लेबाजी प्रदर्शन पर विचार करते हुए कहा कि बल्लेबाजी इकाई ने अपना काम अच्छा किया है और आगे भी ऐसा ही करना चाहिए। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'मेरा मानना है कि भारतीय बल्लेबाजी इकाई के 80-90 प्रतिशत ने अच्छा प्रदर्शन किया है। गिल फॉर्म में हैं, जायसवाल ने बहुमूल्य योगदान दिया है, पंत आत्मविश्वास से खेल रहे हैं और जडेजा लगातार रन बना रहे हैं। सुंदर ने भी योगदान दिया है। अगर बल्लेबाजी चल रही है, तो उसे बदलने की कोई जरूरत नहीं है। बस वही तरीका दोहराएं। भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर में शुरू होगा।

## गंभीर सहित सहयोगी स्टाफ ने जडेजा को सबसे मूल्यवान खिलाड़ी बताया

लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर सहित सहयोगी स्टाफ ने ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की जमकर प्रशंसा करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में उनके प्रदर्शन को असाधारण बताया है। गंभीर ने कहा कि जडेजा जैसा खिलाड़ी मिलना कठिन है। गंभीर ने जडेजा को टीम का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) करार दिया। जडेजा ने इस सीरीज में शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है। तीसरे टेस्ट में उन्होंने अंतिम दिन 181 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाये थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अब एक वीडियो जारी किया है। इसमें कोच जडेजा की जमकर तारीफ कर रहे हैं। गंभीर ने इस वीडियो में कहा, ' जडेजा की पारी अविश्वसनीय थी।' भारतीय टीम इस मैच में 193 रन के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पायी। टीम के शीर्ष बल्लेबाज जब पेवेलिन लौट रहे थे। तब जडेजा ने एक छोर संभाले रखा। वहीं इसी वीडियो में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा, 'जडेजा की बल्लेबाजी एक अलग ही स्तर पर पहुंच गई है। पिछले दो टेस्ट मैचों में उन्होंने जो संयम दिखाया वह वास्तव में प्रशंसनीय है। मैं उन्हें कई साल से खेलते हुए हुए देख रहा हूं। मैंने देखा है कि उन्होंने अपने खेल को बेहतर बनाया है। वह वे एक शानदार बल्लेबाज़ लगते हैं जो आक्रामक साथ ही रक्षात्मक खेल में भी कुशल हैं।' वहीं बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने कहा, 'मुझे हमेशा लगता था कि उनमें दबाव झेलने की क्षमता है। वह आमतौर पर तब अधिक अच्छी बल्लेबाज करते हैं जब टीम को चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में जरूरत होती है। वह टीम के लिए वाकई बहुत मूल्यवान हैं।'

## अमेरिकी ओपन 2025 में कई दिग्गज खिलाड़ी उतरेंगे मैदान में

न्यूयार्क। अमेरिकी ओपन 2025 के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और इस प्रतिष्ठित ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में कई नामी सितारे अपनी किस्मत आजमाने को तैयार हैं। गत चैंपियन यानिक सिनर और दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी एरीना सबालेंका उन 10 पूर्व विजेताओं में शामिल हैं जो इस बार भी खिताब के लिए जोर लगाएंगे। अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने 24 अगस्त से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए आधिकारिक प्रवेश सूची जारी की है जिसमें कुल 18 पूर्व ग्रैंडस्लैम एकल चैंपियन खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं। इस सूची में खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश 14 जुलाई तक की विश्व रैंकिंग के आधार पर दिया गया है। पुरुष खिलाड़ियों के लिए कटऑफ 101वीं रैंकिंग रही जबकि महिला वर्ग में यह सीमा 99वीं रैंकिंग पर थी। इसका मतलब है कि इस साल भी कोर्ट पर दुनिया के कई बड़े सितारे और अनुभवी नाम एक बार फिर अपनी दावेदारी पेश करेंगे और दर्शकों को कड़ी टक्कर वाले मुकाबले देखने को मिलेंगे।

# 'भारत को एक एक्स्ट्रा गेंदबाज को खिलाना चाहिए', चौथे टेस्ट से पहले रहाणे ने दिया भारतीय टीम को जीत का मंत्र



स्पोर्ट्स डेस्क। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। लॉर्ड्स में हार के बाद भारतीय टीम पांच मैचो की सीरीज में 1–2 से पीछे चल रही है। भारतीय टीम के लिए यह टेस्ट मैच अहम साबित होगा जो टेस्ट सीरीज की हार–जीत निश्चित करेगा। इसी बीच भारतीय क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे ने भारतीय टीम को जीत का मंत्र देते हुए प्लेइंग इलेवन में बदलाव करने की सलाह दी है। रहाणे ने चौथे टेस्ट में एक अतिरिक्त गेंदबाज को खिलाने की बात कही है और उनका मानना है कि एक अतिरिक्त गेंदबाज से भारतीय टीम को सीरीज बराबर करने में मदद मिलेगी।

अजिंक्य रहाणे ने अपने यूट्यब चैनल पर कहा– 'हम जानते हैं कि चौथे और पांचवें दिन बैटिंग थोड़ी मुश्किल होती है। रन बनाना आसान नहीं होता। हां, इंग्लैंड ने अच्छी गेंदबाजी की, मगर मुझे लगता है कि भारत ने पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाने का मौका गंवा दिया। आगे बढ़ते हुए भारत को एक एक्स्ट्रा गेंदबाज को खिलाना चाहिए, क्योंकि आप टेस्ट मैच या सीरीज 20 विकेट लेकर जीतते हो।'रहाणे ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की तारीफ करते हुए लॉर्ड्स टेस्ट के तीसरे दिन उनके द्वारा लंच से पहले ऋषभ पंत को आउट करने को मैच का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया।

# कैफ ने भारतीय टीम को बताया वापसी का रास्ता, प्लेइंग 11 पर कही बड़ी बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने युवा भारतीय टीम के इंग्लैंड में चल रही टेस्ट सीरीज में वापसी करने और बराबरी करने का समर्थन किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हार के बाद घबराहट लय को बिगाड़ सकती है। विशेष बातचीत में कैफ ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, मोहम्मद शमी और आर. अश्विन जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद भारत के लचीलेपन की प्रशंसा की और कप्तान शुभमन गिल को एक नेतृत्वकर्ता और एक बल्लेबाज, दोनों के रूप में आगे बढ़ने का श्रेय दिया।

कैफ ने चयन में निरंतरता की भी बात की और टीम प्रबंधन से हार पर जल्दबाजी में प्रतिक्रिया न करने का आग्रह किया। उन्होंने करुण नायर जैसे खिलाड़ियों का समर्थन करने और मौजूदा प्लेइंग 11 पर भरोसा करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, 'आपने चार दिन अच्छा क्रिकेट खेला और पांचवें दिन हार गए, इसका मतलब यह नहीं है कि आप अपनी योजना बदल दें।'

जसप्रीत बुमराह के अगले महत्वपूर्ण टेस्ट में भी खेलने की संभावना है और बल्लेबाजी क्रम फॉर्म में है, ऐसे में कैफ आशावादी हैं। उन्होंने कहा, '2-2 से बराबरी पर रहने की प्रबल संभावना है, भारत को बस शांत रहना होगा और समझदारी से खेलना होगा।'

श्रृंखला में भारत के प्रदर्शन पर कैफ ने कहा, 'भारत ने पिछले 15 दिनों में से 12-13 दिनों तक दबदबा बनाए रखा। उन्होंने बल्ले और गेंद, दोनों से दमदार क्रिकेट खेला। जब यह टीम इंग्लैंड पहुंची, तो ज़्यादातर लोगों ने 0-4 या 1-4 से हार की भविष्यवाणी की थी, लेकिन उन्होंने सभी को चौंका दिया। कोहली, रोहित, शमी और अश्विन के बिना, यह युवा टीम डटी रही और अच्छा प्रदर्शन किया। वे दो करीबी मैच हार गए, हेडिंग्ले भारत की पकड़ में था, और 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम टेस्ट भी। शुभमन गिल ने कप्तान और बल्लेबाज दोनों के रूप में आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। इंग्लैंड की परिस्थितियों में उनके प्रदर्शन पर संदेह था, लेकिन उन्होंने बल्ले से जवाब दिया। थोड़ी किस्मत के साथ, भारत तीनों टेस्ट जीत सकता था।'

टीम इंडिया की चयन मानसिकता के सवाल पर कैफ ने कहा, 'एक बात मैंने नोटिस की है कि जब भारत हारता है, तो वे घबरा जाते हैं। जब वे जीतते हैं, तो वे उसी प्लेइंग 11 के साथ बने रहते हैं। पहला टेस्ट हारने के बाद उन्होंने 2-3 बदलाव किए। लेकिन बर्मिंघम में जीत के बाद केवल बुमराह को ही टीम में शामिल किया गया, कोई और बदलाव नहीं। यही चलन रहा है। तीसरा टेस्ट हारने के बाद भी मेरा मानना है कि उन्हें मैनचेस्टर में उसी टीम के साथ उतरना चाहिए। करुण नायर को शुरुआत मिल रही है 30 और 40 के बीच लेकिन वे रन नहीं बना पा रहे हैं। फिर भी, उन्हें एक और मौका मिलना चाहिए।

मेरे हिसाब से यह इंग्लैंड का वर्षों में सबसे कमजोर गेंदबाजी आक्रमण है जिसमें न ब्रॉड, न एंडरसन, और आर्चर अभी भी वापसी की राह पर हैं। मैंने इंग्लैंड को इतना तेज आक्रमण करते कभी नहीं देखा। और फिर भी हम 193 के लक्ष्य का पीछा नहीं कर सके। यहीं हम मैच हार गए।'

टीम इंडिया की संभावनाओं पर पूर्व



क्रिकेटर ने कहा, 'भारत के सीरीज 2-2 से बराबर करने की पूरी संभावना है और मेरा मानना है कि यह संभावना काफी ज़्यादा है। मुझे लगता है कि यह टीम मजबूत वापसी कर सकती है। शुभमन गिल की कप्तानी और टॉस के फैसलों पर कैफ ने कहा, अब तक शुभमन गिल तीन टॉस हार चुके हैं, दो जहां हमने पहले बल्लेबाजी की और एक जहां हमने लक्ष्य का पीछा किया। हम वह मैच हार गए जहां हमने पहले गेंदबाजी की। मुझे नहीं लगता कि फील्डिंग चुनना सही फैसला था। टॉस जीतो और बल्लेबाजी करो जैसे विराट कोहली करते थे। स्विंग या पूर्वानुमान की परवाह किए बिना, बोर्ड पर रन बनाओ।

# ओलिविया स्मिथ बनी दुनिया की सबसे महंगी महिला फुटबॉलर



लंदन। ओलिविया स्मिथ महिला फुटबॉल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं हैं। आर्सेनल ने कनाडा की इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को 10 लाख पाउंड (लगभग 11 करोड़ 57 लाख रुपए) की विश्व रिकॉर्ड ट्रांसफर फीस पर लिवरपूल से अपनी टीम में शामिल किया। महिला फुटबॉल में यह नई धनराशि जनवरी में सैन डिएगो वेव से नाओमी गिर्मा को अपनी टीम से जोड़ने के लिए चेल्सी द्वारा भुगतान की गई 900,000 पाउंड की राशि को पार कर गयी है। आर्सेनल की महिला फुटबॉल निदेशक क्लेयर व्हीटली ने कहा, 'वह खेल की सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक हैं और क्लब में आगे बढ़ने की उनमें अपार संभावनाएं हैं।' अनुबंध के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस फॉरवर्ड ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

# 'गिल पर इसका सही असर नहीं हुआ', शुभमन के आक्रामक तेवर पर बोले मांजरेकर

**लंदन (एजेंसी)।** नई दिल्ली – भारत के इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल का प्रदर्शन अभी तक देखने लायक रहा है। उन्होंने कई बल्लेबाजी रिकॉर्ड तोड़ते हुए टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी पहली जीत हासिल की। हालांकि लॉर्ड्स में उनका एक ऐसा पक्ष देखने को मिला जो अक्सर देखने को नहीं मिलता। उन्होंने जैक क्रॉली के सामने आक्रामक तेवर दिखाए और उनकी टीम ने भी उनका अनुसरण किया और इस तरह सीरीज का पहला रोमांचक मोड़ आया।

बेन स्टोक्स ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि इंग्लैंड ने गिल की आक्रामकता के सीधे जवाब में भारत के लिए स्थिति को जितना हो सके उतना असहज बनाने का फैसला किया था। चौथे दिन के आखिरी क्षणों में जब खेल के एक महत्वपूर्ण दौर में बल्लेबाजी करने की उनकी बारी आई, तो गिल ज्यादा देर टिक नहीं पाए। अब जबकि टेस्ट मैचों के बीच ब्रेक है, मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट अगले बुधवार से शुरू हो रहा है और भारत 1-2 से पीछे है, गिल के पास यह तय करने के लिए कुछ समय है कि क्या वह तीसरे दिन दिखाए गए साहस को आगे भी जारी रखना चाहते हैं।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने मैच डे कार्यक्रम में भारत के एक पूर्व कप्तान का उदाहरण देते हुए चीजों को सही परिप्रेक्ष्य में रखा। मांजरेकर ने कहा, 'विराट कोहली के साथ बात यह थी कि वह जब ज्यादा जोश में आ जाते थे, तो एक बेहतर बल्लेबाज बन जाते थे। शुभमन गिल के साथ मुझे जो बात निराश कर रही थी, वह यही थी कि मैं सोच रहा था कि गिल किस दिशा में जा रहे हैं? क्योंकि ऐसा लग रहा था कि बल्लेबाज गिल पर इसका सही असर नहीं हुआ।'

मांजरेकर ने कहा, 'वह बहुत ही अनिश्चित लग रहे थे और आप जानते हैं, आजकल हम स्टंप माइक के सामने होते हैं और हम उनकी बातें सुन सकते थे और कुछ निजी हमले भी हुए।' 'गिल के लिए यह एक नया अनुभव हो सकता है क्योंकि आजकल, जैसा कि आप देख सकते हैं, भारतीय खिलाड़ियों के साथ, ज्यादातर विदेशी टीमें दोस्ताना व्यवहार करती हैं। इसलिए यह एक नया क्षेत्र था। और वह अनिश्चित लग रहे थे और इसके लिए तैयार नहीं थे।'

गिल लॉर्ड्स में दो टेस्ट मैचों में 485 रन बनाकर उतरे थे। उन्होंने चार पारियों में तीन शतक लगाए और उनमें से एक को करियर की सर्वश्रेष्ठ 269 रनों की पारी में बदल दिया। तीसरे टेस्ट में बल्लेबाजी के लिए हालात बाकी सीरीज की तुलना में ज्यादा मुश्किल थे। दूसरी पारी में उन्हें एक सख्त नई गेंद का सामना करना पड़ा। बाकी हर बार, उन्हें एक पुरानी, नरम गेंद के सामने शुरुआत करने का फायदा मिला, जो ज्यादा असर नहीं कर रही थी।

मांजरेकर ने कहा, 'हमने देखा कि उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे यह नतीजा निकला। उन्होंने पूरी सीरीज में बल्लेबाज के तौर



पर अपने मैराथन प्रदर्शन के दौरान खूबसूरती से इन गेंदों का सामना किया है। और अचानक से वो उन गेंदों को मिस कर रहे थे। अगली गेंद पर, पगबाधा आउट हो गए। गिल के डिफेंस को भेदना बहुत मुश्किल काम था। उन्होंने शायद ही कोई गेंद मिस की हो। उनका नियंत्रण प्रतिशत शानदार रहा है। और अचानक (दूसरी पारी में) लगभग नौ गेंदों में से उन्होंने चार गेंदें मिस कर दीं। मुझे इसमें कोई शक नहीं कि इसमें कोई कनेक्शन है।'

# कुलदीप को मैनचेस्टर टेस्ट में खेलते देखना चाहते हैं कपिल

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि मैनचेस्टर में 23 जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले चौथे टेस्ट मैच में चाइननामैन स्पिनर कुलदीप यादव बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। ऐसे में वह कुलदीप को इस मैच में खेलते हुए देखना चाहते हैं। कपिल ने स्वयं कुलदीप को फोन कर ये बात कही है। पांच मैचों की इस सीरीज में अभी भारतीय टीम 1–2 से पीछे है, ऐसे में उसके लिए चौथा टेस्ट बेहद अहम है। भारतीय टीम को लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में केवल 22 रनों से हार का सामना करना पड़ा। तीनों मैच के दौरान कुलदीप को जगह नहीं मिलने से सभी हैरान हैं क्योंकि टीम में शामिल स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा इन मैचों में प्रभावित नहीं कर पाये, केवल बल्लेबाजी के आधार पर इन्हें जगह मिली। ऐसे में कपिल का ये कहना कि मैनचेस्ट टेस्ट में कुलदीप बड़ी भूमिका निभा सकते हैं, ये बात ध्यान में रखनी चाहिये। अब तक सुंदर ने तीसरे मैच की दूसरी पारी में 4 विकेट लिए किया। वहीं जडेजा ने 6 पारियों में तीन विकेट लिए हैं। हालांकि बल्लेबाजी में जडेजा काफी सफल रहे हैं। कुलदीप को टीम में जगह नहीं मिलने पर कपिल ने कहा कहा, टीम अच्छा खेल रही है इसलिए भी शायद उन्हें अवसर नहीं मिला। तीसरे टेस्ट में लगा कि वह खेलेंगे पर लेकिन तेज गेंदबाजों ने अच्छा काम किया। उन्होंने साथ ही कहा, इस समय कुलदीप अच्छे फॉर्म में है। ऐसे में उसे जगह नहीं देना नुकसानदेह रहेगा। पिछले कुछ मैचों में गेंदबाज नहीं, बल्कि बल्लेबाज विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, आप कुलदीप या जसप्रीत बुमराह से ये उम्मीद नहीं कर सकते कि वह काफी रन बना लेंगे। मैंने हाल ही में कुलदीप से बात की और उसे फिट रहने और अवसर मिलने पर अच्छा प्रदर्शन करने को कहा। हम सभी उसे जगह मिलने की उम्मीद कर सकते हैं हालांकि अंतिम फैसला कोच और कप्तान को करना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कुलदीप वर्तमान समय में देश के सबसे अच्छे और अनुभवी स्पिनर हैं। उन्होंने साथ ही कहा, उसका मनोबल ऊंचा है पर अंदर ही अंदर वह यह भी सोच रहा होगा कि उसे कब अवसर मिलेगा। वह भी तो इंसान ही है। मैनचेस्टर में अवसर मिलन पर वह बड़ी भूमिका निभा सकता है।

# एआई केंद्रित इन्फ्रास्ट्रक्चर से आईटी खर्च 5.43 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली।**

2025 में दुनिया भर में आईटी खर्च 5.43 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है, जो 2024 की तुलना में 7.9 फीसदी से ज्यादा है। इसकी वजह एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ज्यादा फोकस है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में सामने आई। रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण कारोबार में मंदी के बावजूद एआई केंद्रित इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च आईटी क्षेत्र में खर्च को बढ़ावा देगा। गार्टनर के विशिष्ट उपाध्यक्ष विश्लेषक जॉन-डेविड लवलॉक ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता में वृद्धि के कारण शुद्ध-नए खर्च पर व्यावसायिक विराम है, लेकिन एआई और जनरेटिव एआई (जेनएआई) डिजिटलीकरण पहलों के कारण यह प्रभाव कम हो रहा है।

अनिश्चितता के कारण 2025 में सॉफ्टवेयर और सेवाओं पर खर्च की वृद्धि धीमी होने की उम्मीद जताई जा रही है, लेकिन डेटा सेंटर सिस्टम जैसे एआई से संबंधित इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च में वृद्धि जारी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जेनएआई के कारण डेटा केंद्रों में तेजी देखी जा रही है और एआई अनुकूलित सर्वरों पर खर्च जो 2021 में करीब न के बराबर था, 2027 तक पारंपरिक सर्वरों की तुलना में तीन गुना बढ़ने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रतिस्पर्धात्मकता एक प्रमुख कारण है, जिसके कारण कंपनियां इस बिगड़ते परिवेश में टेक्नोलॉजी और व्यावसायिक परिवर्तन में निवेश करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि 2025 की दूसरी तिमाही की शुरुआत से ही एक अनिश्चितता विराम शुरू हो गया है, जिसमें आईटी समेत कई विभागों में नए इनिशिएटिव का रणनीतिक निलंबन शामिल है। यह विराम बढ़ती अनिश्चितता और भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके जवाब में, वैश्विक कॉर्पोरेट क्षेत्र ज्यादा सावधानी बरत रहा है, क्योंकि संगठन इन बहुआयामी चुनौतियों के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि 61 फीसदी कंपनियों ने 2025 की शुरुआत पिछले साल की इस अवधि की तुलना में बेहतर स्थिति में की है।

# ईपीएफओ की बैठक में कर्मचारियों का प्रमोशन और खाली पदों पर हो सकता है निर्णय

**नई दिल्ली।** भविष्य में कर्मचारियों की जरूरत का अनुमान लगाने, कर्मचारियों की करियर संबंधी आकांक्षाओं के साथ तालमेल करने के लिए कैडर के पुनर्गठन और अपनी सेवाओं की डिलिवरी बेहतर करने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की कैडर पुनर्गठन (सीआर) समिति शुक्रवार को अपने सभी एसोसिएशनों, फेडरेशनों और कर्मचारी यूनियनों के साथ बैठक कर रही है।

दो दिन तक चलने वाली बैठक के बाद सेवानिवृत्ति कोष संगठन में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने और इसमें काम कर रहे कर्मचारियों को प्रमोशन देने का फैसला लिया जा सकता है। इस समय ईपीएफओ के 21 जोनल कार्यालय, 138 रीजनल कार्यालय, 114 जिला कार्यालय और पांच विशेष राज्य कार्यालय हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ईपीएफओ में इस समय ग्रुप-ए, बी और सी में 24 हजार के करीब पद हैं, जिनमें से 9 हजार पद खाली हैं।

मीडिया रिपोर्ट में कर्मचारी संगठन के एक सदस्य ने बताया कि ईपीएफओ में कैडर की समीक्षा नियमित रूप से नहीं होती, जिससे सभी श्रेणी के कर्मचारियों में स्थिरता की स्थिति बनी है। दरअसल डीओपीटी और कैबिनेट सचिवालय के निर्देश के मुताबिक हर पांच साल पर कैडर की समीक्षा की जानी चाहिए, जिससे विसंगतियां दूर हो सकें। इसके अलावा पिछले एक दशक में काम का बोझ कई गुना बढ़ गया है, जिसके लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाए जाने की जरूरत है। कैडर पुनर्गठन की पिछली कवायद को सीबीटी ने जुलाई 2016 में मंजूरी दी थी, जिसमें ग्रुप-ए के पदों की संख्या 859 से बढ़ाकर 1,039 की गई थी।

# पिनकोड ने 1,000 से अधिक स्थानीय ऑफलाइन स्टोर्स को डिजिटल रूप से सशक्त बनाया

**बेंगलुरु ।**




फोनपे के हाइपरलोकल क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म, पिनकोड ने बेंगलुरु, पुणे, दिल्ली एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई और वाराणसी में 1,000 से अधिक स्थानीय ऑफलाइन स्टोर्स को डिजिटल रूप से सशक्त बनाया है। पिनकोड सीमित पहुंच, डिलीवरी सर्विस न होना और मूल्य निर्धारण दबाव सहित महत्वपूर्ण समस्याओं से निपटने के लिए ऑफलाइन खुदरा विक्रेताओं के साथ मिलकर काम करता है।

डेटा-समर्थित आंकड़ों के माध्यम से, पिनकोड रिटेलर्स को रियल टाइम कस्टमर डिमांड के आधार पर अपने उत्पाद चयन को अनुकूलित करने में मदद करता है, जिससे तेज गति और बेहतर मार्जिन सुनिश्चित होता है।

यह पेशकश स्थानीय दुकानों को न केवल ऑनलाइन लाने में मदद करती है, बल्कि उनके मुख्य ऑफलाइन परिचालन को भी मजबूत करता है, जिससे टिकाऊ विकास को बढ़ावा मिलता है और उन्हें बड़े ऑनलाइन खिलाड़ियों के खिलाफ प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने के लिए सशक्त बनाती है।

पिनकोड के सीईओ ने कहा, पिनकोड सिर्फ स्टोर्स का डिजिटलीकरण नहीं कर रहा है। हम भविष्य के लिए तैयार कारोबार का निर्माण कर रहे हैं। हमारा मिशन हर ऑफलाइन विक्रेता के लिए एक ग्रोथ पार्टनर बनना है। हम सिर्फ स्टोर्स को ऑनलाइन सूचीबद्ध करने से आगे बढ़कर, सफलता के लिए एक संपूर्ण इकोसिस्टम प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा, इस वादे को पूरा करने के लिए हमने अपना स्मार्ट स्टोर प्रोग्राम विकसित किया है, जो हमारे ऑफलाइन रिटेल पार्टनर्स को तकनीक, संचालन संबंधी जानकारी, ग्राहक पहुंच और लॉजिस्टिक्स से लैस करता है। हम ऑफलाइन रिटेलर्स को उनके ग्राहकों के दरवाजे तक लाने के लिए सशक्त बना रहे हैं, उनकी अपेक्षा के अनुरूप गति और चयन प्रदान करते हुए, साथ ही इन स्टोर्स द्वारा दशकों से बनाए गए अमूल्य विश्वास को बनाए रखते हुए।

# एसयूवी जिम्नी अगस्त में नए फेसलिफ्ट वर्जन में होगी लॉन्च




**नईदिल्ली ।**

अगस्त 2025 में अपनी लोकप्रिय एसयूवी जिम्नी को सुजुकी नए फेसलिफ्ट वर्जन में लॉन्च करेगी।

इसकी डिजाइन में छोटे-मोटे कॉस्मेटिक बदलाव किए जा सकते हैं, लेकिन इसका मूल आकर्षण बरकरार रहेगा। यह नई जिम्नी अपने क्लासिक रेट्रो और बॉक्सी डिजाइन के लिए जानी जाती है, और इस बार भी यही इसकी पहचान बनी रहेगी। यह एसयूवी एक कॉम्पैक्ट, हल्की और मजबूत ऑफ-रोडर जो शहरी और बीहड़ दोनों तरह के रास्तों के लिए मुफीद है। सबसे बड़ा बदलाव इसकी सेफ्टी फीचर्स में देखने को मिलेगा।

नई जिम्नी में सुजुकी सेफटी सपोर्ट सिस्टम जोड़ा जाएगा जिसमें डुअल कैमरा बेस्ड एडीएसएस, ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग, एडॉप्टिव क्रूज कंट्रोल (ऑटोमैटिक वेरिएंट्स में), रिवर्स ब्रेकिंग सपोर्ट और रियर क्रॉस ट्रैफिक अलर्ट जैसे एडवांस फीचर्स शामिल होंगे। ये सुधार इसे ऑस्ट्रेलिया, यूरोप और यूके जैसे सख्त सेफ्टी नॉर्म्स वाले बाजारों में भी बेचने योग्य बनाएंगे।

इंजन विकल्प को लेकर भी चर्चाएं हैं। अब तक जिम्नी पेट्रोल इंजन में ही उपलब्ध थी, लेकिन यूरोपीय बाजारों के कड़े एमिशन नॉर्म्स के कारण हाइब्रिड इंजन की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं। हालांकि अगस्त 2025 में आने वाले फेसलिफ्ट में हाइब्रिड इंजन की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जिम्नी का नया अवतार तीन वेरिएंट्स में पेश होगा -जापान स्पेस 3-डोर जिम्नी (0.6ली टर्बो पेट्रोल), ग्लोबल-स्पेस जिम्नी सियेरा 3-डोर (1.5ली नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल) और इंडिया मेड जिम्नी नोमेड 5-डोर।

# रिलायंस रिटेल लि ने खरीदे केल्विनेटर ब्रांड, कई कंपनियां टेंशन में

**मुंबई।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी रिलायंस रिटेल लिमिटेड ने शुक्रवार को बताया कि उन्होंने स्विडिश मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ईलेक्ट्रोलक्स एबी से केल्विनेटर ब्रांड खरीद लिया है। केल्विनेटर होम एप्लाइंसेस प्रोडक्ट बनाती है। रिलायंस रिटेल के पास 2019 में मैन्युफैक्चरिंग और डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स थे। यह नया टेकओवर रिलायंस रिटेल की कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में मौजूदगी को और मजबूत करेगा। कंपनी रिलायंस डिजिटल बैनर के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर्स का संचालन कर रही है।

बता दें रिलायंस रिटेल के इस कदम से ड्यूरेबल मार्केट के मौजूदा प्लेयर्स एलजी समेत अन्य कंपनियों को अब एक मजबूत प्रतिद्वंदी का सामना करना पड़ेगा। ईलेक्ट्रोलक्स ग्रुप ने भारतीय मार्केट में 1960 में एंट्री की थी। कंपनी 1970 से 1980 के बीच एक बड़ा ग्राहकों का आधार तैयार कर लिया था। उस समय इस कंपनी की टैगलाइन ÷द कूलेस्ट वन÷ हुआ करती थी। 1995 में वर्लपूल ऑफ इंडिया लिमिटेड ने केल्विनेटर इंडिया लिमिटेड का अधिग्रहण कर लिया था। इस अधिग्रहण के बाद कंपनी रेफ्रीजरेटर मार्केट में एंट्री की थी।

2019 में केल्विनेटर ने रिलायंस रिटेल के साथ डील साइन करने के बाद फिर से इंडियन मार्केट में एंट्री की थी। मौजूदा समय केल्विनेटर ब्रांड के तहत रेफ्रीजरेटर्स, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर्स आदि की बिक्री करती है। कंपनी रिलायंस डिजिटल स्टोर नेटवर्क और अन्य रिटेलर्स की मदद से यह सामान बेच रही है। बता दें रिलायंस डिजिटल मौजूदा समय में देश के अंदर 400 स्टोर्स चला रही है।

देश के जीडीपी का यह 0.60 फीसदी के बराबर है। उम्मीद की जा रही है यह 11 फीसदी के सीएजीआर से ग्रोथ करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक 2029 तक देश के कंज्यूमर ड्यूरेबल मार्केट का साइज 3 ट्रिलियन डॉलर के बराबर होगा।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शुक्रवार को दो पैसे की गिरावट के साथ ही 86.14 रुपये पर बंद हुआ। रुपया गुरुवार को 20 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.12 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.29 फीसदी की गिरावट के साथ 98.45 पर आ गया। वहीं गत दिवस रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 12 पैसे की बढ़त के साथ 85.80 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती एवं विदेशी पूंजी की निकासी ने हालांकि स्थानीय मुद्रा में तेज बढ़त को रोक दिया।




## बोनस देने की खबर आते ही दौड़ पड़े पतंजलि फूड्स के शेयर

**मुंबई।** बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स के शेयर शुक्रवार को कमजोर बाजार के बीच 2 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए और 1,944.90 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए। शेयर अब अपने ऑल-टाइम हाई 2,030 रुपये के करीब ट्रेड कर रहा है। कंपनी के बोर्ड ने 17 जुलाई 2025 को हुई बैठक में बोनस शेयर देने की सिफारिश की है। इसके तहत 2ः1 के रेश्यो में बोनस दिया जाएगा। इसका मतलब है कि हर 1 शेयर पर 2 नए शेयर फ्री दिए जाएंगे। यह बोनस शेयर उन शेयरहोल्डर्स को मिलेगा, जो रिकॉर्ड डेट पर पात्र होगा। यह प्रस्ताव शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है और इस कंपनी के रिजर्व से जारी किया जाएगा। पतंजलि फूड्स कई कैटेगरी में मजबूत बाजार स्थिति रखती है। यह भारत की ब्रांडेड कुकिंग ऑयल मार्केट में दूसरा सबसे बड़ा खिलाड़ी है। पाम ऑयल में यह नंबर 1 है और सोया ऑयल में दूसरा स्थान रखता है। सोया प्रोटीन में पतंजलि 35-40 प्रतिशत मार्केट शेयर है। इससे यह सेगमेंट में बाजार का बादशाह है। यह भारत में बिस्किट और ओरल केयर मार्केट में चौथे नंबर पर है। इसके अलावा, गाय के घी और शहद के प्रोडक्ट्स में भी कंपनी अग्रणी कंपनियों में से एक है। पहले रुचि सोया सिर्फ एडिबल ऑयल के कारोबार में थी, लेकिन अब पतंजलि आयुर्वेद से एफएमसीजी सेगमेंट खरीदकर कंपनी ने कारोबार को कई क्षेत्रों में फैलाया है। इससे मुनाफा बढ़ा है और रिस्क कम हुआ है।

## इंडियन होटल्स के शेयर में 2 फीसदी की बढ़ोत्तरी.....ब्रोकरेज हाउसेस ने निवेश जारी रखने को कहा

**मुंबई।**

इंडियन होटल्स के शेयर शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 2 फीसदी से ज्यादा चढ़ गए। कंपनी के शेयरों में यह तेजी अप्रैल-जून तिमाही नतीजों के बाद आई है। टाटा समूह की हॉस्पिटैलिटी कंपनी और ताज होटल्स की मूल कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) का मुनाफा जून तिमाही में 19 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 296 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, लाभ पर भूराजनीतिक तनाव का असर पड़ा। ब्रोकरेज हाउसेस ने इंडियन होटल्स पर अपनी निवेश रणनीति जारी रखी है। ब्रोकरेज हाउसेस ने इंडियंस होटल्स पर अपनी 'रिड्यूस रेटिंग बरकरार रखी है। हालांकि, ब्रोकरेज ने स्टॉक पर टारगेट मूल्य को बढ़ाकर 648 रुपये किया। पहले यह 628 रुपये था। इस तरह, शेयर में 15 फीसदी की गिरावट देखने को मिल सकती है। इंडियंस होटल्स के शेयर गुरुवार 761 रुपये पर बंद हुए। ब्रोकरेज हाउसेस के अनुसार, इंडियंस होटल्स कंपनी ने अपनी घरेलू पोर्टफोलियो में प्रति उपलब्ध कमरे की आय में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। हालांकि, फ्लाइट में रुकावटें और जियोपॉलिटिकल चिंताओं के कारण कुल प्रदर्शन पर लगभग 2-2.5 प्रतिशत का असर पड़ा। ऑक्यूपेंसी में हल्की गिरावट आई है, जो 90 बेसिस पॉइंट्स कम रही। वहीं, औसत कमरे का किराया (एआरआर) सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़ा है। ब्रोकरेज ने कहा कि कंपनी ने पूरे साल के लिए डबल-डिजिट ग्रोथ का अनुमान दोहराया है और जुलाई की शुरुआत को मजबूत बताया है। हालांकि, नुवामा ने यह भी नोट किया कि कंपनी ने मुनाफे के मार्जिन में तुरंत बढ़ोतरी को लेकर कोई खास उम्मीद नहीं जताई। हाल के कुछ क्वार्टर्स में यह एक अहम पॉइंट रहा था।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 501 , निफ्टी 143 अंक गिरा

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 501 अंकों नीचे आकर 81,757.73 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 143 अंक टूटकर 24,968.40 पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर विप्रो, टाटा स्टील, ओएनजीसी, इंडसइंड बैंक और इंफोसिस के सबसे अधिक लाभ में रहे जबकि एक्सिस बैंक, श्रीराम फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एचडीएफसी लाइफ के शेयर गिरावट पर बंद हुए। कारोबार के दौरान बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक 0.5-0.5 फीसदी नीचे रहा। धातु को छोड़कर आज सभी प्रमुख क्षेत्रों में गिरावट रही। वित्तीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा गिरावट आई। एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नीचे गिरे। निफ्टी प्राइवेट बैंक इंडेक्स में भारी गिरावट आई। इसके अलावा वाहन , उपभोक्ता सामान , दवा और वित्तीय सेवा क्षेत्र में गिरावट रही।



बाजार में इस गिरावट के कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली के साथ ही अमेरिकी फेड के अगले कदम को लेकर जारी संशय और तेल की बढ़ती कीमतों को भी माना जा रहा है। इससे पहले आज सुबह भी बाजार गिरावट पर खुला। आज सुबह कारोबार शुरु होने पर तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 242 अंक नीचे आकर 82,014 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 64 अंक फिसलकर 25,044 पर पहुंच गया। सबसे अधिक गिरावट बैंकिंग शेयरों में रही। सुबह निफ्टी बैंक 323 अंक तकरीबन 0.57 फीसदी नीचे आकर 56,490 पर था। लार्जकैप की जगह मिडकैप और स्मॉलकैप में सपाट कारोबार के दौरान दर्ज किया गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 68 अंक की हल्की गिरावट के साथ 59,450 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 21 अंक की कमजोरी के साथ 19,095 पर था। आज सुबह प्रमुख एशियाई बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शंघाई, हांगकांग, बैंकॉक और जकार्ता में सबसे ज्यादा बढ़त रही। जबकि टोक्यो और सियोल में गिरावट दर्ज की गई। वहीं निवेशकों की सकारात्मक धारणा के कारण गुरुवार को अमेरिकी बाजार में बढ़त रही। इस दौरान विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) 17 जुलाई को लगातार दूसरे सत्र में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने 3,694 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

## इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वीएफ6 और वीएफ7 की बुकिंग शुरू




**नईदिल्ली ।**


विनफास्ट ऑटो इंडिया ने भारत में अपनी प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वीएफ6 और वीएफ7 की बुकिंग शुरू कर दी। बुकिंग उसी दिन शुरू हुई जब अमेरिकी ईवी कंपनी टेस्ला ने मुंबई में अपना पहला शोरूम खोला। इस साल की शुरुआत में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में विनफास्ट ने इन मॉडलों को शोकेस किया था। ग्राहक रुपए 21,000 की पूरी तरह रिफंडेबल राशि देकर विनफास्ट के शोरूम या आधिकारिक वेबसाइट से बुकिंग कर सकते हैं। अगस्त में तमिलनाडु के थूथुकुडी में बन रही विनफास्ट की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के उद्घाटन के बाद इन गाड़ियों की बिक्री और डिलीवरी शुरू होगी। कंपनी के अनुसार वीएफ6 और वीएफ7 भारतीय सड़कों और कंज्यूमर्स की जरूरतों के मुताबिक डिजाइन किए गए हैं, जो एक बार चार्ज पर शानदार रेंज देंगे और डेली सिटी राइड से लेकर वीकेंड गेटअवे तक के लिए उपयुक्त हैं। वीएफ7 एक प्रीमियम और डायनामिक इलेक्ट्रिक एसयूवी है जिसमें लेवल 2 एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएसएस), बड़ा टचस्क्रीन, पैनोरमिक ग्लास रूफ, कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी, वायरलेस चार्जिंग और सिग्नेचर एलईडी लाइटिंग दी गई है। वीएफ6 को फैमिली-फ्रेंडली और स्टाइलिश एसयूवी के तौर पर पेश किया गया है जिसमें लेवल 2 अडास, स्मार्ट इंफोटेनमेंट सिस्टम, कनेक्टेड फीचर्स और पैनोरमिक रूफ जैसी सुविधाएं होंगी। विनफास्ट 27 शहरों में 32 डीलरशिप खोलने जा रही है और इसके लिए 13 डीलर पार्टनर्स से समझौता किया है। बिक्री के साथ-साथ कंपनी ने रोडग्रिड, मायटीवीएस और ग्लोबल एश्योर के साथ पार्टनरशिप की है ताकि देशभर में भरोसेमंद चार्जिंग और आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क विकसित किया जा सके।

# टीआरएफ को अब आर्थिक मदद या संसाधन नहीं मिल सकेगी, आतंकी संगठन घोषित

**वाशिंगटन।**

अमेरिका ने पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया है। टीआरएफ ने पहलगाम में हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। बाद में भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने पर उसने इससे इनकार कर दिया था। भारत ने अपने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पूरी दुनिया में भेजे थे, जिन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की भूमिका को बताया। अब इसे एफटीओ में डालना भारत की बड़ी कामयाबी है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर इस फैसले की घोषणा की। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि यह कदम आतंकवाद के खिलाफ ट्रंप प्रशासन की कड़ी प्रतिबद्धता को दिखाता है। पहलगाम हमला 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत में सबसे घातक हमला था। टीआरएफ को एफटीओ घोषित करना ट्रम्प की उस मांग को पूरा करता है, जिसमें उन्होंने इस हमले के लिए न्याय की बात कही थी।




टीआरएफ को अब अमेरिका में कोई आर्थिक मदद या संसाधन नहीं मिलेंगे। इनके ऊपर आर्थिक प्रतिबंध लगेंगे। उनसे जुड़ी संपत्ति को अमेरिका में फ्रीज किया जाएगा। इससे उनके हथियार, ट्रेनिंग और भर्ती जैसे कामों को झटका लगेगा। टीआरएफ के सदस्यों और समर्थकों का अमेरिका जाना बैन हो जाएगा। अमेरिकी व्यक्ति और संस्थाए नामित संगठन को किसी भी प्रकार की सहायता नहीं दे सकेंगी।

संगठन को हथियारों, रक्षा उपकरणों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की बिक्री पर रोक लगेगी। यह कदम भारत को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स जैसे वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान के खिलाफ अपनी बात को और मजबूती से रखने का मौका देगा। टीआरएफ का लश्कर-ए-तैयबा से रिश्ता उजागर होने से उसकी मुश्किलें बढ़ेंगी।

## भारतीय बाजार में मोटरसाइकिल रैंजर प्रो और रैंजर प्रो प्लस लॉन्च

**नई दिल्ली ।** भारतीय बाजार में कोमाकी इलेक्ट्रिक कंपनी ने अपनी नई क्रूज़र स्टाइल इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल रैंजर प्रो और रैंजर प्रो प्लस को लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इन बाइक्स को उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया है, जो प्रैक्टिकल उपयोग के साथ क्रूज़र लुक वाली इलेक्ट्रिक बाइक की तलाश में हैं। रैंजर प्रो की कीमत रुपए 1,29,999 और प्रो प्लस की कीमत रुपए 1,39,999 रखी गई है। दोनों मॉडलों की कीमत में रुपए 12,500 की एक्सेसरीज भी शामिल हैं। दोनों मॉडलों में 4.2केडब्ल्यू का एलआईपीओ4 बैटरी पैक दिया गया है। एक बार फुल चार्ज पर रैंजर प्रो 160 से 220 किलोमीटर और रैंजर प्रो प्लस 180 से 240 किलोमीटर तक की रेंज देने में सक्षम है। इसमें 5केडब्ल्यू का हाई-टॉर्क मोटर है, जो बाइक को महज़ 5 सेकंड में अधिकतम गति तक पहुंचा सकता है। यह खास तौर पर हाईवे क्रूज़ और शहरी सड़कों दोनों के लिए उपयुक्त है। सेफ्टी और कम्फर्ट को ध्यान में रखते हुए बाइक्स में टेलीस्कोपिक सस्पेंशन, डुअल डिस्क ब्रेक, बैकरेस्ट वाली आरामदायक सीट और रियर टेल लैंप गार्ड जैसे फीचर्स दिए गए हैं। साथ ही इनमें फुल-कलर डिजिटल डैशबोर्ड, क्रूज कंट्रोल, रिवर्स असिस्ट, ब्लूटूथ साउंड सिस्टम और मोबाइल चार्जिंग यूनिट जैसे आधुनिक फीचर्स भी मिलते हैं।



# शोहरत एक दोधारी तलवार की तरहः ईशा कोप्पिकर

बालीवुड अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर इन दिनों मानसिक स्वास्थ्य की मुखर पक्षधर बनकर सामने आई हैं। फिल्म इंडस्ट्री के उतार–चढ़ाव भरे सफर से सबक लेकर उन्होंने आत्म–मूल्य, भावनात्मक ईमानदारी और कल्याण पर खुली बातचीत को बढ़ावा देना शुरू किया है। अभिनेत्री ईशा ने बताया कि शोहरत एक दोधारी तलवार की तरह होती है। एक तरफ आपको तारीफ और पहचान मिलती है, तो दूसरी तरफ लगातार उन उम्मीदों पर खरा उतरने का दबाव रहता है जो हमेशा सच नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि अक्सर आपसे उम्मीद की जाती है कि आप हर हाल में मुस्कुराएं, चाहे भीतर से टूटे हुए क्यों न हों। ईशा ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि बहुत समय तक उन्हें यह एहसास ही नहीं था कि फ्रमैं ठीक नहीं हूंफ्र कहना भी एक विकल्प हो सकता है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में ज्यादा लोगों को यह सुनने की जरूरत है कि कभी–कभी खुद को थका हुआ या हारा हुआ महसूस करना भी पूरी तरह इंसानी बात है और इसका मतलब यह नहीं कि आपको सब कुछ चुपचाप सहना ही पड़े। उन्होंने इस पर बात की कि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने, हर समय परफेक्ट दिखने और प्रासंगिक बने रहने का दबाव आपके मानसिक स्वास्थ्य पर गहरी चोट करता है, लेकिन इसके बावजूद इस बारे में बहुत कम लोग खुलकर बात करते हैं। ईशा के मुताबिक यह सोच कि भावनात्मक कमजोरी कमजोरी ही है, अब बदलनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि असली ताकत सब कुछ कंट्रोल करने में नहीं, बल्कि खुद के प्रति सच्चे और दयालु बने रहने में है। ईशा ने कहा कि 'आप जैसे हैं, वैसे ही पर्याप्त हैं,' यह एक बेहद सरल सच है जिसे हम अक्सर भूल जाते हैं, खासकर उस दुनिया में जहां सब कुछ फिल्टर और परफेक्शन में लपेटा जाता है। उन्होंने कहा कि वूलनेराबिलिटी यानी अपनी भावनाओं को खुलकर मानना कमजोरी नहीं बल्कि असली साहस है। ईशा कोप्पिकर का यह ईमानदार नजरिया मनोरंजन जगत में सफलता, मजबूती और आत्म–देखभाल को लेकर बनी धारणा को चुनौती दे रहा है। सोशल मीडिया के दौर में, जहां दिखावे और अवास्तविक उम्मीदों का दबाव बढ़ता जा रहा है, उनका यह संदेश न सिर्फ दिल को छू जाता है बल्कि दूसरों को भी खुद को अपनाने और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित करता है। बता दें कि अभिनेत्री 'क्या कूल हैं हम', 'कृष्णा कॉटेज', 'एक विवाह ऐसा भी', 'शबरी' और 'डॉन' जैसी फिल्मों में अपने यादगार किरदारों के लिए जानी जाती हैं।

# विक्रांत के 'डॉन 3' से बाहर होने को लेकर अटकलें जारी

बालीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी के 'डॉन 3' से बाहर होने को लेकर अटकलें लगाई जा रही है। यह वही प्रोजेक्ट है जो रणवीर सिंह के 'डॉन' बनने की वजह से पहले से हाईलाइट में है। खबरों के मुताबिक विक्रांत फिल्म के अहम विलेन रोल से अचानक बाहर हो गए हैं। इस रोल में वह एक शातिर स्कैमस्टर का किरदार निभाने वाले थे, जिसका रणवीर सिंह के 'डॉन' से सीधा टकराव होता। इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक विक्रांत को स्क्रिप्ट में अपने किरदार की गहराई कम लगी। उन्हें लगा कि यह रोल उनके एक्टिंग स्टैंडर्ड के हिसाब से 'लेयर्ड' या चुनौतीपूर्ण नहीं है। इसके अलावा रोल के लिए एक बड़ा फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन भी जरूरी था, जिसे लेकर वह असमंजस में थे। इस वजह से उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ने का फैसला किया। फरहान अख्तर अब नए विलेन की तलाश में हैं। पहले ही फिल्म की लीड फीमेल रोल में बदलाव हो चुका है कियारा आडवाणी के प्रेग्नेंट होने की वजह से उनकी



जगह कृति सेनन को लिया गया। अब विक्रांत की एग्जिट ने मेकर्स के लिए कास्टिंग और जटिल कर दी है। फिलहाल खबर है कि इस दमदार विलेन रोल के लिए विजय देवरकोंडा और आदित्य रॉय कपूर से बात चल रही है। दोनों में वह चार्म और इंटेंसिटी है जो रणवीर सिंह के 'डॉन' के मुकाबले एक करिश्माई विलेन के लिए जरूरी मानी जा रही है। हालांकि किसी की ओर से अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'डॉन 3' की शूटिंग जनवरी 2026 से शुरू होनी है। फरहान अख्तर इसे इंटरनेशनल स्केल पर ले जाने की तैयारी में हैं और इसके लिए एक मजबूत स्टार कास्ट बनाना चाहते हैं। कुल मिलाकर विक्रांत मैसी के लिए यह वक्त चुनौतीपूर्ण कहा जा सकता है एक तरफ उनकी लेटेस्ट फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट रही है, दूसरी तरफ उन्होंने जिस हाई–प्रोफाइल फिल्म से खुद को बाहर किया, वही रोल किसी और स्टार को एक बड़ा ब्रेक दे सकता है। उनके फैन्स भी इस बात को लेकर थोड़े हैरान हैं कि यह फैसला उनके करियर के लिए सही साबित होगा या बड़ी गलती बन जाएगा यह तो वक्त ही बताएगा। विक्रम मैसी की 'आंखों की गुस्ताखियां' की बात करें तो यह एक रोमांटिक–ड्रामा फिल्म है जिसमें विक्रांत के अपोजिट शनाया कपूर नजर आईं। शनाया ने इसी फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींचने में नाकाम रही और बॉक्स ऑफिस पर बेहद कमजोर प्रदर्शन कर रही है। ट्रेड एनालिस्टों का तो कहना है कि फिल्म 2025 की सबसे बड़ी फ्लॉप या 'डिजास्टर' साबित होने के कगार पर है। फिल्म के कंटेंट और प्रचार को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। दर्शकों और समीक्षकों को इसकी कहानी और निर्देशन में वह पकड़ नजर नहीं आई जो रोमांटिक–ड्रामा को हिट बना सके।



# महिलाओं को लेकर पुरानी सोच अभी भी कायमः फातिमा सना शेख

बालीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने कहा कि 30 साल की उम्र के बाद भी शादी न करने वाली महिलाओं को लेकर कुछ हद तक पुरानी सोच अभी भी कायम है, मगर पहले जैसा दबाव अब नहीं रह गया है। अभिनेत्री ने हाल ही में समाज में महिलाओं की शादी और रिश्तों को लेकर बदलती सोच पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने माना कि लोग अब व्यक्तिगत पसंद और रिश्तों में बदलाव को पहले से कहीं ज्यादा सहजता से स्वीकार करने लगे हैं। फातिमा के मुताबिक पहले एक निश्चित उम्र तक शादी करने का दबाव बहुत ज्यादा था, लेकिन समय के साथ चीजें बदल रही हैं और रिश्तों की परिभाषा भी बदल गई है। आज के दौर में कई लोग खुद पर या अपने करियर पर ध्यान देना पसंद करते हैं, तो कुछ अकेले रहना ही चुन लेते हैं। उन्होंने कहा कि समाज भी धीरे–धीरे इस बदलाव को अपनाना सीख रहा है। उन्होंने यह भी माना कि रिश्तों का मतलब अब अलग हो गया है और कई लोग अब अकेले रहने में भी खुशी महसूस करते हैं या अपनी प्राथमिकताओं पर ध्यान देते हैं। फातिमा ने यह भी कहा कि उन्हें यह नहीं पता कि यह बदलाव सही है या गलत, लेकिन अब उस पर पहले जैसी सख्ती या पाबंदी नहीं रही। बातचीत के दौरान फातिमा ने अपने पहले प्यार की यादें भी साझा कीं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी किताबों में फूल रखे या कोई ऐसा फिल्मी रोमांटिक पल जिया है, तो वह मुस्कुरा कर बोलीं, 'हां, बिल्कुल।'

उन्होंने बताया कि उनके उस वक्त के पार्टनर ने उनके जन्मदिन पर खास सरप्राइज प्लान किया था, जिसमें दरवाजे से कमरे तक का रास्ता फूलों से सजाया गया था। चारों तरफ फूल बिखरे थे और केक के आसपास मोमबत्तियां जली हुई थीं। हालांकि यह सरप्राइज वैसा नहीं रहा जैसा सोचा गया था, क्योंकि उनके वहां पहुंचने तक ज्यादातर मोमबत्तियां पिघल चुकी थीं। उन्होंने हंसते हुए कहा कि बाद में हमें सब कुछ साफ करना पड़ा। फातिमा ने उस लम्हे को बेहद खास और सच्चे प्यार का एहसास बताया और कहा कि तब वह काफी छोटी थीं और उस समय उनके पास फेसबुक या इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म भी नहीं थे।

# अभिनेता रणदीप हुड्डा को हुआ राइटिंग से लगाव, लिख रहे छोटी-छोटी कहानियां

**–वर्सोवा और आराम नगर पर आधारित एक सीरीज पर कर रहे काम**

फिल्म मेकर और एक्टर रणदीप हुड्डा की एक्टिंग उनका पहला प्यार है, रणदीप को पिछले कुछ सालों में राइटिंग से गहरा लगाव हो गया है। यह बात खुद रणदीप हुड्डा कह रहे हैं। उन्होंने कि यह उनके लिए किसी भी रचनात्मक प्रक्रिया का सबसे अच्छा हिस्सा है। जब वह अभिनय करते हैं, तो वह दूसरों की लिखी कहानियों का हिस्सा बनते हैं, लेकिन लेखन उन्हें वह कहानियां गढ़ने का मौका देता है, जिन्हें उन्होंने जिया, देखा या कल्पना की है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वह वर्तमान में मुंबई के वर्सोवा और आराम नगर पर आधारित छोटी कहानियों की एक सीरीज बना रहे हैं। ये कहानियां हर रविवार को सड़क किनारे बांसुरी बेचने वाले एक व्यक्ति के जीवन, शहर में संघर्षरत अभिनेताओं के सफर, कास्टिंग काउच की कठोर सच्चाइयों और कई अन्य कहानियों को छूती हैं। रणदीप ने कहा कि वर्सोवा और आराम नगर मानवीय महत्वाकांक्षाओं और अस्तित्व के ऐसे खामोश रंगमंच रहे हैं और वह इन कहानियों को जीवंत करना चाहते थे।
उन्होंने बताया कि हर रविवार उन्हें एक बांसुरी वाला उसी कोने पर खड़ा दिखता है, जो ऐसी धुनें बजाता है जो शहर के शोर में अक्सर दब जाती है। उसके पीछे महत्वाकांक्षी अभिनेताओं, रोजमर्रा के संघर्षों, छोटी जीतों और दिल टूटने की दुनिया है। उन्होंने कहा कि इन कहानियों को लिखने से उन्हें उद्देश्य की अनुभूति होती है और उनके आसपास की जिंदगी की परतों पर विचार करने का मौका मिलता है।

बता दें रणदीप 'मैचबॉक्स' में नजर आएंगे, जो सैम हार्ग्रेव के निर्देशन में बन रही अमेरिकी एक्शन एडवेंचर कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म इसी नाम के मशहूर टॉय ब्रांड पर आधारित है और इसमें जॉन सीना, जेसिका बील, सैम रिचर्डसन, आर्टुरो कास्त्रो, टेयोना पैरिस, रणदीप हुड्डा, दनाई गुरिरा और कोरी स्टोल नजर आएंगे।
यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। रणदीप के पास 'ऑपरेशन खुकरी' नामक एक महाकाव्य युद्ध ड्रामा भी है। रणदीप ने मेजर जनरल राजपाल पुनिया और दामिनी पुनिया की किताब 'ऑपरेशन खुकरी- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ द इंडियन आर्मीज ब्रेवेस्ट पीसकीपिंग मिशन अब्रॉड' के आधिकारिक फिल्म अधिकार हासिल कर लिए हैं। फिल्म 'ऑपरेशन खुकरी' 2000 की वास्तविक घटनाओं को पर्दे पर लाएगी, जब पश्चिम अफ्रीका के सिएरा लियोन में विद्रोही बलों ने 233 भारतीय सैनिकों को बंधक बना लिया था।

# तमन्ना भाटिया के नए लुक को फैंस ने खूब पसंद किया

हाल ही में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ बेहद खास तस्वीरें पोस्ट कीं, जिन्होंने लोगों का ध्यान खींच लिया और उनके लुक को फैंस ने खूब पसंद किया। इन तस्वीरों में तमन्ना ने एक अनोखा और कंट्रास्ट स्टाइल अपनाया है। उन्होंने काले रंग की चमकीली गाउन के साथ एक सिंपल ग्रे टी–शर्ट पहनकर यह दिखाया कि फैशन में विरोधाभास भी खूबसूरती पैदा कर सकता है। उनके इस लुक में ग्लैमर और कैजुअल अंदाज का ऐसा मेल नजर आया, जो उनके फैशन के प्रति सोच को भी बयां करता है। तमन्ना ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि फैशन उनके लिए केवल नए ट्रेंड्स को फॉलो करना नहीं है, बल्कि खुद को जाहिर करने का जरिया है। उन्होंने कहा कि फैशन में ग्लैमर और आराम, ताकत और नर्मी के बीच संतुलन होना चाहिए। उन्होंने लेयरिंग की ताकत को समझाते हुए लिखा कि एक काला गाउन और ग्रे टी–शर्ट दो अलग–अलग दुनिया से हो सकते हैं, लेकिन उनके लिए ऐसा लगता है जैसे वे मिलने के लिए ही बने हों। तमन्ना ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि विरोधाभास टकराव नहीं है, बल्कि यह वह जगह है जहां मर्दाना और स्त्री स्वभाव में तालमेल बैठता है।






# सलमान ने 'बैटल ऑफ गलवान' को बताया करियर की कठिन फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने कहा कि एक्शन फिल्म की तैयारी हर गुजरते साल, महीने और दिन के साथ और अधिक चुनौतीपूर्ण होती जा रही है। उन्होंने अपनी अगली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को उन फिल्मों में शुमार किया, जिसके लिए उन्हें शारीरिक पहलू पर सबसे ज्यादा मेहनत करनी पड़ रही है।
सलमान 'शूटआउट एट लोखंडवाला' फेम निर्देशक अपूर्व लाखिया की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में अपने किरदार की तैयारियों में जीजान से जुटे हुए हैं। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म भारत और चीन के बीच 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुए संघर्ष पर आधारित है। सलमान ने 'एजेंसी' के साथ बातचीत में कहा, ''यह (एक्शन फिल्म की तैयारी) शारीरिक रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण है। हर साल, हर महीने, हर दिन यह और अधिक कठिन होती जा रही है। मुझे अब तैयारी के लिए अधिक समय देना होगा। पहले मैं एक या दो हफ्ते में तैयारी कर लेता था, अब मुझे काफी शारीरिक मेहनत करनी पड़ रही है। इस फिल्म के लिए यह सब जरूरी है।'' सलमान इस साल दिसंबर में 60 वर्ष के हो जाएंगे। उन्होंने कहा, ''उदाहरण के लिए 'सिकंदर' में एक्शन अलग था, किरदार अलग था। लेकिन यह फिल्म (बैटल ऑफ गलवान) शारीरिक पहलू पर अधिक मेहनत करने की मांग करती है। इसके अलावा, लद्दाख में ऊंचे स्थानों पर और ठंडे पानी में शूटिंग करना (एक और चुनौती है)।'' अभिनेता ने बताया कि परियोजना से जुड़ी टीम इस महीने के अंत में शूटिंग के लिए लद्दाख रवाना होगी। उन्होंने कहा, ''जब मैं फिल्म के लिए अपनी सहमति दे रहा था, तो मुझे लगा कि यह कमाल की है, लेकिन यह एक बहुत ही मुश्किल फिल्म है। मुझे लद्दाख में 20 दिन काम करना है और फिर सात से आठ दिन ठंडे पानी में शूटिंग करनी है। हम इसी महीने शूटिंग शुरू करेंगे।'' निर्माताओं के मुताबिक, यह फिल्म भारत की सबसे भीषण लड़ाइयों में से एक पर आधारित है, जो समुद्र तल से 15,000 फुट की ऊंचाई पर बिना एक भी गोली चलाए लड़ी गई थी। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों में भारतीय सेना के 20 जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी, जो दशकों में भारत और चीन के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। सलमान ने बताया कि 'बैटल ऑफ गलवान' उनकी पिछली कुछ फिल्मों की तरह ईद पर रिलीज नहीं होगी, बल्कि यह अगले साल जनवरी में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। उन्होंने पुष्टि की कि 2015 में प्रदर्शित उनकी सुपरहिट फिल्म 'बजरंगी भाईजान' के सीक्वल पर काम किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को रिलीज के 10 साल पूरी करने वाली 'बजरंगी भाईजान' का जिक्र करते हुए सलमान ने कहा, ''मुझे यह फिल्म बहुत पसंद आई थी। इसका (सीक्वल) विषय और भावनात्मक पक्ष लगभग वही होगा, लेकिन यह एक अलग फिल्म होगी।'' कबीर खान के निर्देशन में बनी 'बजरंगी भाईजान' भगवान हनुमान के एक भक्त के बारे में थी, जो पाकिस्तान की एक मूक लड़की को उसके परिवार से मिलाने के लिए सीमा पार मिशन पर निकलता है। साइकिल और मोटरसाइकिल चलाने के शौकीन सलमान ने इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (आईएसआरएल) के दूसरे सीजन के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन से इतर 'पीटीआई–भाषा' से बातचीत की। वह आईएसआरएल के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। सलमान ने कहा, ''मैं हमेशा से ही साइकिल चलाने का शौकीन रहा हूं। साइकिल से लेकर मोटरसाइकिल तक, मुझे सब पसंद हैं। हालांकि, अब मुझे साइकिल चलाने का ज्यादा मौका नहीं मिलता।'' उन्होंने अपने प्रशंसकों को सड़कों पर 'बाइक रेस' लगाने के प्रति आगाह किया।

# 'सरफिरा' मेरे करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभवः राधिका मदान

बालीवुड की फिल्म 'सरफिरा' के रीलिज को एक साल पूरे होने पर अभिनेत्री राधिका मदान ने अपनी भूमिका को याद किया और कहा कि यह फिल्म मेरे करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभव रहा है। अभिनेत्री राधिका ने कहा कि यह यकीन करना मुश्किल है कि फिल्म को रिलीज हुए एक साल हो गया है, ऐसा लगता है मानो अभी कुछ दिन पहले ही अक्षय और उन्होंने इसकी शूटिंग की हो। उन्होंने माना कि 'रानी' का किरदार उनके करियर का सबसे कठिन रोल रहा। फिल्म में राधिका ने अक्षय कुमार की पत्नी का किरदार निभाया था जो एक महाराष्ट्रीयन महिला है। इस रोल के लिए उन्होंने मराठी संस्कृति और बोली को आत्मसात करने में काफी मेहनत की। दिल्ली की रहने वाली राधिका ने बताया कि उन्होंने हर प्रोजेक्ट में अलग–अलग बोलियों को सीखकर खुद को चुनौती दी है, चाहे वह उत्तर प्रदेश की बोली हो, जयपुरी लहजा हो या अब मराठी। मराठी के लिए उन्होंने लोकल लोगों के साथ समय बिताया ताकि उनकी भाषा और संस्कृति को समझकर उसे पर्दे पर ईमानदारी से उतार सकें। राधिका ने कहा कि मुंबई में मराठी बोलने वालों की संख्या काफी ज्यादा है और इसलिए सही उच्चारण और अंदाज सीखना जरूरी था। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला और यह उनके लिए बेहद रोमांचक रहा। इसके अलावा उन्होंने अक्षय कुमार, परेश रावल और निर्माता विक्रम मल्होत्रा जैसे अनुभवी और प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ काम करने को अपने लिए गर्व की बात बताया। राधिका ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के साथ 'सरफिरा' में काम करने के बाद अब वह उनके अगले प्रोजेक्ट 'सूबेदार' के लिए बेहद उत्साहित हैं। फिल्म 'सरफिरा' की बात करें तो इसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगरा ने निर्देशित किया था और इसकी कहानी भारत में तेजी से बढ़ती स्टार्टअप दुनिया और एविएशन सेक्टर के इर्द–गिर्द घूमती है। फिल्म में एक व्यक्ति के सपने को दिखाया गया है जो हवाई यात्रा को आम आदमी की पहुंच में लाना चाहता है और इसके लिए तमाम मुश्किलों का सामना करता है। राधिका मदान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म 'सूबेदार' में नजर आएंगी जिसमें वह अनिल कपूर की बेटी की भूमिका निभा रही हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in